


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 21 अप्रैल 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 83 | मूल्य - 5 रुपये









## संसद के बजट सत्र का हुआ सत्रावसान

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित होने के बाद सोमवार को बजट सत्र का सत्रावसान हो गया। लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों द्वारा जारी अलग-अलग बयानों के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सत्रावसान कर दिया। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हुआ था और इसका पहला चरण 13 फरवरी तक चला था। इसका दूसरा चरण नौ मार्च से शुरू हुआ और सरकार ने पहले घोषणा की थी कि यह दो अप्रैल तक चलेगा। लेकिन दो अप्रैल को संसद के दोनों सदनों में घोषणा की गयी कि तीन दिवसीय विशेष बैठक 16 से 18 अप्रैल को होगी। सत्र को बीते शनिवार अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस सत्र के दौरान सरकार ने नौ विधेयक पारित करवाए। आखिर में सत्र की तीन दिवसीय बैठक के दौरान महिला आरक्षण से अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पर एकसाथ चर्चा की गयी। संविधान संशोधन विधेयक पर हुए मत विभाजन में यह पारित नहीं हो पाया। इस कारण से सरकार ने अन्य दो विधेयक पारित करवाने के लिए नहीं रखा।

## तमिलनाडु चुनावः में 1,200 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त..

**चेन्नई, (भाषा)।** तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने सोमवार को कहा कि निगरानी टीमों ने अब तक राज्य भर में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, सोने-चांदी की वस्तुएं, उपहार सामग्री, शराब और मादक पदार्थ जब्त किए हैं। राज्य में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि 20 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न स्थानों से कुल 169.85 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रों में तैनात निगरानी दल चौबीसों घंटे सातों दिन सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारियों ने 650.87 करोड़ रुपये मूल्य की सोने और चांदी की वस्तुओं सहित कीमती धातुओं को जब्त किया है। इसी प्रकार, 306.34 रुपये मूल्य के उपहार और मुफ्त वस्तुएं जब्त की गईं। साथ ही 82.73 करोड़ रुपये मूल्य की मादक पदार्थ भी जब्त किए गए। इसके अलावा, 2.95 करोड़ रुपये मूल्य की शराब भी जब्त की गई। कुल मिलाकर, 1,212.74 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। पटनायक ने बताया कि जब्त की गई कुल राशि में से लगभग 495 करोड़ रुपये वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लौटा दी गयी हैं।

# उद्घाटन से पहले पचपदरा रिफाइनरी में लगी भीषण आग, प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थगित

**जयपुर, (भाषा)।** ***राजस्थान के बालोतरा जिले की उस पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को उद्घाटन करने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आग रिफाइनरी की 'क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट' खंड में लगी।***



अधिकारियों के मुताबिक, अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई लेकिन किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है हालांकि आग पर लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'एक्स' पर कहा, ÷पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी में आग लगने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों और रिफाइनरी प्रबंधन से त्वरित वार्ता कर स्थिति की विस्तृत जानकारी ली है। वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, सुरक्षा मानकों को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री का प्रस्तावित दौरा फिलहाल स्थगित किया गया है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रदेशवासियों के आशा की प्रतीक इस रिफाइनरी का भव्य उद्घाटन शीघ्र ही प्रधानमंत्री के कर-कमलों द्वारा संपन्न होगा।

इससे पहले पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा, ÷आज एचआरआरएल रिफाइनरी के 'क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट' में आग की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण प्रधानमंत्री का 21 अप्रैल का निर्धारित उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि उद्घाटन की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोरसायन परिसर की स्थापना 79,450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से की गई है।

यह ऐतिहासिक परियोजना भारत के ऊर्जा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। यह 90 लाख टन सालाना क्षमता वाली रिफाइनरी एवं पेट्रोरसायन परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की गई है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

उन्होंने कहा, रिफाइनरी के उद्घाटन से महज 24 घंटे से भी कम समय पहले हुआ यह हादसा कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या रिफाइनरी की पूर्ण तैयारी के बिना ही उद्घाटन की तारीख तय की गई, जिससे मची जल्दबाजी में ऐसा हादसा हुआ? गहलोत ने कहा, इस हादसे से इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत पुनः अटक गई है एवं इससे लाभान्वित होने का प्रदेश का इंतजार और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार को इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर इस हादसे की वजह पता करनी चाहिए और जवाबदेही तय करनी चाहिए।

**विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली ने इसे ÷गंभीर और चिंताजनक÷ करार दिया और राज्य सरकार की तैयारियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कार्यक्रम की तैयारियों में जल्दबाजी की। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।**







# इसको बोलते हैं मदद : स्टेट टॉपर अक्षरा घोड़ेश्वर की मजबूत मदद के लिये आगे आये इंजी. प्रशांतभाऊ..

## नया लैपटॉप किया भेंट, प्रतिमाह करेंगे अक्षरा की आर्थिक मदद भी..





**जगप्रेरणा कटंगी।** ***यूं तो पुरे जिले में जनप्रतिनिधियों की और जनप्रतिनिधियों के नाम पर शासन से लाखों रुपये वेतन और सुविधाएं प्राप्त करने वालने नेताओं की कमी नहीं है। यहां तक कि क्षेत्र में महिला जनप्रतिनिधि के रुप में सांसद भी महिला है, जिला पंचायत सभापति भी महिला है, लेकिन इसके बाद भी जब गरीब परिवार की अक्षरा घोड़ेश्वर की मां ने मजदूरी***

करके बेटी को पढ़ाया, और बेटी बिना ट्यूशन के कक्षा दसवीं बोर्ड में स्टेट टॉपर बनी, तो गुलदस्ते देकर स्वागत करने वाले तो बहुत से आगे आये, लेकिन वास्तविकता में अक्षरा के लिये मदद के मजबूत हाथ क्षेत्र के युवा नेता इंजी. प्रशांतभाऊ ने बढ़ाये। इंजी. प्रशांतभाऊ आज 20 अप्रैल को अपने परिवार में पत्नी, बेटे, बेटी और अनेक लोगों को साथ लेकर अक्षरा घोड़ेश्वर के घर कटंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टुईयापार पहुंचे। अक्षरा के घर पहुंचकर प्रशांत भाऊ ने अपने बच्चों से अक्षरा को मिलवाया, तो वहीं अक्षरा घोड़ेश्वर की सफलता पर उसे एक एचपी कंपनी का हाई कॉन्फ्रीग्रेशन का लैपटॉप भेंट किया, इसी के साथ अक्षरा को आगे की पढ़ाई के लिये दो हजार रुपया प्रतिमाह देने की घोषणा भी की। गौरतलब है कि आज इंजी. प्रशांतभाऊ की बिटिया काव्या का जन्मदिन भी था, जिसके उपलक्ष्य में प्रशांतभाऊ ने बेटी काव्या, पत्नी विद्या मेश्राम, और बेटे शील मेश्राम एवं परिवारजनों को भी साथ लिया, और अक्षरा के घर पर पहुंचे थे। प्रशांतभाऊ ने अक्षरा के पूरे परिवार से मुलाकात की, और अक्षरा का आगे के स्वर्णिम भविष्य के लिये मनोबल बढ़ाते हुए आगे बढने की शुभकामनाएं दी।

### बोले प्रशांतभाऊ..

अक्षरा घोड़ेश्वर से मिलने पर प्रशांत भाऊ ने अक्षरा की सफलता पर बधाईयां देते हुए कहा कि अक्षरा की सफलता से गांव, परिवार, विद्यालय के साथ साथ पूरा क्षेत्र भी गौरवान्वित हुआ है। प्रशांतभाऊ ने कहा कि अक्षरा की सफलता से हमारे क्षेत्र के बच्चों को बहुत प्रेरणा मिलेंगी। क्योंकि जिन विपरीत परिस्थितियों में अक्षरा की माता जी रमाबाई घोड़ेस्वार ने अपनी बेटियों की पढ़ाई के लिए संघर्ष किया है तथा अक्षरा बिटिया ने उस संघर्ष का प्रतिफल दिया है वो निश्चित ही हम सभी के लिए और अध्ययनरत छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। प्रशांतभाऊ ने कहा कि मैं अक्षरा बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और आगे ऐसी होनहार बिटिया को पढ़ाई के लिये जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, हम जरुर मदद करेंगे। प्रशांत भाऊ ने अक्षरा बिटिया की आगे की पढ़ाई के लिये प्रतिमाह 2 हजार रुपए का सहयोग करने की भी घोषणा की। गौरतलब है कि कटंगी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टुईयापार की अक्षरा घोड़ेश्वर शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय छतेरा में अध्ययन करती है, तथा ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय स्कूल में पढ़ते हुए भी मजदूर मां की बेटी ने प्रदेश टॉप टेन में लाखों बच्चों के बीच दूसरा स्थान प्राप्त कर ना सिर्फ सभी को अचंभित कर दिया, बल्कि हजारों लाखों बच्चों की प्रेरणा बनने का कार्य भी अक्षरा ने किया है। अक्षरा को शिक्षा के लिये लैपटॉप भेंट करने के दौरान इंजी. प्रशांतभाऊ के साथ उनके पारिवारिक सदस्यों के साथ ही सुरेन्द्र गजभिए, स्वर्ण मेश्राम, उत्तमराव भालेराव, शैलेश टी शैल व अन्य साथीगण उपस्थित रहे।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरूआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# परशुराम जयंती पर ब्राम्हण समाज की निकली भव्य शोभायात्रा..

### शोभायात्रा में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री पं. नरोत्तम मिश्रा, पं. दिलीप तिवारी सहित अनेक लोग रहे शामिल..





जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर में बीते दिवस भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन*** द्वारा अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गांधी चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ उपस्थित होकर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की और इसमें शामिल श्रद्धालुओं का आत्मीय अभिनंदन किया।

शोभायात्रा में म.प्र. के पूर्व गृहमंत्री पं. नरोत्तम मिश्रा, जिलाध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी, श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी सहित अनेक लोग शामिल रहे। महान ऋषि, शस्त्र और शास्त्र के धनी तथा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज सिवनी द्वारा नगर में निकाली गई यह शोभायात्रा भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम बन गई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु पूरे मार्ग में धार्मिक जयघोष और उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शोभायात्रा में शामिल सभी सामाजिक बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं।

### जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं की रही गरिमामय उपस्थिति..

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल, उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, संतोष नगपुरे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, सिवनी नगर उत्तर मंडल के अध्यक्ष युवराज राहंगडाले, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लालमणी राय, शुभ राजपूत, राजा बघेल, संजय सोनी, निरंजन मिश्रा, बादल बेन, मयुर दुबे, पापे चौरसिया, पप्पी महरोलिया, श्याममिलन पांडे, खुशेन्द्र पवार, कमलेश बागड़, तनिष्क शर्मा, मनोज बघेल, हिमांशु कुल्हाड़े सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति रही।

### नगर में छाया उत्सव का माहौल..

शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में धार्मिक उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं की सहभागिता और जनप्रतिनिधियों के स्वागत ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

# ग्लोबल लॉ कॉलेज मे हुआ मूट कोर्ट एक्टिविटी का आयोजन..




जगप्रेरणा सिवनी।

***आज 20 अप्रैल दिन सोमवार को जबलपुर रोड स्थित ग्लोबल लॉ कॉलेज सिवनी में मूट कोर्ट एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर*** ओमेश्वर ठाकरे निरीक्षक एवं प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी एवं जिला जेल सिवनी के जेलर श्री वर्मा एवं महाविद्यालय के संचालक डॉक्टर साकिब खान उपस्थित हुए मूड कोर्ट एक्टिविटी 2026 के अंतर्गत महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी सर द्वारा मंच संचालन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत होने से पहले मुख्य अतिथियों का संचालक द्वारा शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सत्कार किया गया उसके पश्चात महाविद्यालय के विभाग प्रमुख सलीम सिद्दीकी सर द्वारा मूट कोर्ट के महत्व से सभी छात्र छात्राओं को अवगत कराते हुए मूट कोर्ट के महत्व को बताया गया, साथ हीउन्होंने बताया गया कि मूट कोर्ट एक्टिविटी करना क्यों आवश्यक है।

मूट कोर्ट एक्टिविटी करने से छात्रों के व्यक्तित्व विकास में किस प्रकार की वृद्धि होती है, एवं उनका आत्मविश्वास किस प्रकार से बढ़ता है, एवं न्यायालीन प्रक्रिया को किस प्रकार सीखा जाता है, इन सभी बातों को संक्षेप में उनके द्वारा सभी के समक्ष रखा गया उसके पश्चात महाविद्यालय के संचालक महोदय द्वारा मुख्य अतिथियों के समक्ष महाविद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास एवं उपलब्धियां को रखा गया साथ ही महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्राओं द्वारा वर्तमान में कहां-कहां एवं किस-किस क्षेत्र में सेवाएं दी जा रही है इसके बारे में मुख्य अतिथियों को बताया गया उसके उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय में पधारे डॉक्टर उमेश्वर ठाकरे का ओजस्वी एवं प्रभावपूर्ण संबोधन शुरू हुआ जिसमें डॉक्टर साहब ने मूट कोर्ट एक्टिविटी में सबसे पहले छात्रों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत पुलिस द्वारा अन्वेषण किस प्रकार से किया जाता है इसके बारे में बताया एवं पुलिस द्वारा अन्वेषण रिपोर्ट न्यायालय को प्रस्तुत किए जाने पश्चात न्यायालय द्वारा उसका विचरण किस प्रकार से किया जाता है एवं निर्णय के पश्चात जिला मजिस्ट्रेट पुलिस अधीक्षक एवं लोक अभियोजक के माध्यम से किस प्रकार से अपील की जाती है इस संबंध में छात्र छात्राओं को संक्षिप्त रूप से बताया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर उमेश्वर ठाकरे द्वारा छात्राओं को करियर काउंसलिंग के माध्यम से किस प्रकार से विधि के छात्रों को भविष्य में आने वाली भर्तियों में सफलता प्राप्त करना है इसके लिए भी मार्गदर्शन दिया गया साथ ही उन्हें उन्होंने सफलता प्राप्त करने के सूत्र भी बताएं डॉ ठाकरे द्वारा छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के भी तरीके बताए गए एवं साइबर अपराधों के माध्यम से किस प्रकार से डिजिटल अरेस्टिंग और अन्य अपराधों को किया जा रहा है इसके बारे में भी बताया एवं उन्होंने छात्र-छात्राओं को मोबाइल के नियंत्रित उपयोग करने की सलाह दी साथ ही उनके द्वारा अगर कोई घटना घटित हो जाती है या उनके साथ कोई घटना घटित हो जाती है तो उसकी शिकायत किस प्रकार से पोर्टल पर की जाए इसके बारे में भी छात्रों को बताया एवं पुलिस कंट्रोल रूम का भविष्य में भ्रमण करने हेतु छात्र छात्राओं को उन्होंने आमंत्रित भी किया डॉक्टर ठाकरे द्वारा मूट कोर्ट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की गई इसके पश्चात जिला जेल सिवनी के जेलर श्री वर्मा का भी संबोधन हुआ उन्हें भी उन्होंने भी छात्र छात्राओं को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणा स्रोत जानकारी से अवगत कराया एवं मूट कोर्ट कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने के लिए हर्ष व्यक्त किया

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के संचालक डॉक्टर साकिब खान द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथियों द्वारा बहुमूल्य समय दिए जाने के लिए उनका सा ह्रदय आभार प्रकट किया साथ ही महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गणों को भी एवं उन सभी छात्र छात्राओं का जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस एक्टिविटी में भाग लिया उनको भी धन्यवाद प्रेषित कर एवं उनका भी आभार ब्यक्त किया कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की परंपरा अनुसार महाविद्यालय में पधारे मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर पुनः सत्कार किया गया।

# लखनादौन पुलिस द्वारा किया गया चोरी का खुलासा



जगप्रेरणा लखनादौन।

***पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में गोटेगांव जिला*** नरसिंपुर के तीन बदमाशो को गिरफ्तार कर चोरी गया मसरूका जप्त करने में लखनादौन पुलिस ने सफलता प्राप्त की है।

प्रार्थी राहुल राजपूत ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 09/04/26 को धूमा में ठेकेदारी का काम कर रहा था करीब शाम 05/35 बजे मुझे मेरी माँ काशी राजपूत ने फोन किया और बतायी कि घर में चोरी हो गई है फिर मैं धूमा से घर आया और देखा कि घर के चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर के दरवाजे खुले हुए थे जो मैने अंदर जाकर देखा तो घर की अलमारी भी खुली हुई थी अलमारी के ड्राज में रखे नगदी 25000/- रूपये एवं 02 सोने की अंगूठी व एक जोडी कान की सोने की बाली गायब थी जो काई अज्ञात व्यक्ति मेरे सूने घर में घुस कर चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर पतारसी की गई। संदेही सददाम उर्फइमरान खान पिता अनवर अली उम्र 32 साल निवासी नूरी मोहल्ला गोटेगांव जिला नरसिंहपुर पर संदेह होने पर प्रकरण के संबंध में हिकमा अमली से पूछताछ करने पर दिनांक 09/04/26 को अपने दो साथी, अजीत खान पिता मजिद खान उम्र 28 साल निवासी कटकुली गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, चंद्रप्रकाश सिलावट पिता इंदर सिलावट उम्र 22 साल निवासी ग्राम छिंदौरी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के साथ चोरी करना जुर्म स्वीकार किये आरोपियों से चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवरात सोने सोने की 02 अंगूठी, 02 कान की बाली, एक चांदी का सिक्का, चांदी का चूड़ा व नगदी सहित कुल 75000/- रूपये जप्त किया गया। आरोपी सद्दाम आदतन बदमाश है जिसके विरूद्ध अलग अलग जिलो के विभिन्न थानो चोरी के 21 अपराध दर्ज है। आरोपी दिन के समय सूने मकानो में रैकी कर ताला तोड कर चोरी करने का आदि है।

### गिरफ्तार आरोपी..

सददाम उर्फइमरान खान पिता अनवर अली उम्र 32 साल निवासी नूरी मोहल्ला गोटगांव जिला नरसिंहपुर, अजीत खान पिता मजिद खान उम्र 28 साल निवासी कटकुली गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, चंद्रप्रकाश सिलावट पिता इंदर सिलावट उम्र 22 साल निवासी ग्राम छिंदौरी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर। **जप्त मसरूका**-सोने-चांदी के जेवरात व नगदी सहित कुल कुल 75000/- रूपये हजार रूपये।

### विशेष भूमिका

निरीक्षक के.पी धुर्वे, सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, सउनि देवेन्द्र जैसवाल, आरक्षक धनेश्वर यादव, शिवम बघेल, सूरज मेहरा, दीपेश मेहरा, ओ.पी धुर्वे।

## छपारा पुलिस की बड़ी कार्यवाही..

# सिवनी जबलपुर हाईवे पर कार से भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब जप्त



जगप्रेरणा छपारा।

***पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता व्दारा जिले में हो रही अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया है।***

इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के निर्देशन में थाना छपारा पुलिस को भारी मात्रा मे तस्करी की जा रही अवैध अंग्रेजी शराब को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।थाना छपारा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 29/01/26 को सूचना मिली कि सिवनी से छपारा की ओर एक काले रंग की स्कार्पियो क्रमांक **MP 07 CB 3741** में अत्यधिक मात्रा में शराब भरकर विक्रय करने ले जा रहा है सूचना पर नेशनल हाईवे पर स्कार्पियो क्रमांक **MP 07 CB 3741** कार का पीछा की गयी जो घुनई घाट में जबलपुर की ओर जाने वाली लेन पर हिकमत अमली से रोकने का प्रयास किया गया जो उक्त स्कार्पियो गाडी का चालक ट्रको का सहारा लेकर स्कार्पियो गाड़ी को बीच रोड मे घालू हालत में छोड़कर गाड़ी से ऊतरकर चालक एवं चालक के बगल में बैठा व्यक्ति जंगल की ओर भाग गये जिनका पीछा किया गया लेकिन जंगल होने एवं अंधेरे का फायदा उठाकर उक्त दोनो आरोपीगण मौके से फरार हो गये। स्कार्पियो क्रमांक **MP 07 CB 3741** की तलाशी लेने पर स्कार्पियो गाड़ी में पीछे एवं बीच वाली सीट पर कुल 33 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 256.92 लीटर कुल कीमती 2,83,320 रूपये जप्त की गई है एवं शराब स्कार्पियो क्रमांक **MP 07 CB 3741** के चालक एवं एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के विरुध्द अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है. एवं फरार आरोपीगण तया जप्त शराब कहाँ से कहाँ ले जायी जा रही है के संबंध में विवनचना की जा रही है।

**जप्त मशरुका**- काले रंग की स्कार्पियो क्रमांक **MP 07 CB 3741**, 33 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 256.92 लीटर कुल कीमती 2,83,320 रूपये जिनमे 6 पेटी बैंकपाईपर विस्की अंग्रेजी शराब 8 पेटी ऑफिसर च्वाईस अंग्रेजी शराब, 2 पेटी आफिसर च्वाईस अंग्रेजी शराब, 9 पेटी **MD No.1 (Rum)** अंग्रेजी शराब, 5 पेटी 8 **PM** अंग्रेजी शराब, 01 पेटी रायल स्टेज विस्की अंग्रेजी शराब, 02 पेटी बकौडी लेमन अंग्रेजी शराब)।

### महत्वपूर्ण भूमिका

थाना प्रभारी छपारा निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उप निरीक्षक सुक्कुलाल उड़के, सहायक उप निरीक्षक सुखदास मर्सकोले, सउनि मंगलदास गोनेकर, प्रधान आरक्षक दशरू प्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक विनोद बघेल, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र कवरेती, आरक्षक आशीष चौहान, आरक्षक रति भानसा।

# बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह को डूण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार..

### 01 लाख रुपये का मशरुका बरामद..



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतु प्रयत्नशील रहते है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्र एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनाँक 19/04/26 को सहायक अभियन्ता शशांक चौरसिया के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि झील पिपरिया कण्डीपार रोड में 11 के. वी. विद्युत लाईन के 12 खम्बो में लगी बिजली तार को काटकर कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गये है व शासकीय खम्बो का नुकसान किये है कि रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान टीम बनाई गई। मुखबिर द्वारा सूचना गोपनीय सूचना मिली कि आशाराम कुडोपा व जुम्मन यादव के द्वारा ऐसी घटना की जाती है सबब आशाराम कुडोपा व जुम्मन यादव से पूछताछ करने पर घटना स्वीकार किये व अपने साथी अशोक गोनगे की मोटर साईकिल से जाकर घटना कारित करना बताया साहू कबाड़ा के यहां लाकर चोरी का तार बेचना बताया जिसपर से चोरी का तार खरीदने वाले राजेन्द्र कुमार साहू से भी पूछताछ की गई जिसने चोरी का तार खरीदना स्वीकार किया।

जिनसे विधिवत् तार काटने में उपयोग झूला व कटर, परिवहन करने में मोटर साईकिल व चोरी गये एल्युमिनियम तार जार किया गया है व आरोपीगणो को अपराध क्रमांक 195/26 धारा 303(2), 324(2), 317 (2) बीएनएस, 3 (2) (क) सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 2003, 136(1) (ग), 137 विद्युत अधिनियम में विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### आरोपी का नाम..

आशाराम पिता रघुलाल कुडोपा उम्र 26 साल निवासी हुलकी थाना बरगी जिला जबलपुर, जुम्मन पिता कामता यादव उम्र 26 साल निवासी मानकपुर थाना धूमा, अशोकं पितां अर्जुनलाल गोनगे उम्र 25 साल निवासी बेलटोला चौकी बादलपार कुरई, राजेन्द्र कुमार पिता गंगाराम साहू उम्र 61 साल निवासी जनता नगर बायपास साहू कबाडा डोरली छतरपुर। **जप्ती**-खम्बे में चढकर लंटकने वाला डाला, तार कटर, मोटर साईकिल, पांच बोरियों में एल्युमिनियम बिजली तार के बण्डल।

### सराहनीय कार्य..

निरीक्षक चैनसिंह उड़के के नेतृत्व मे सउनि, संजय बघेल, प्र.आर. संजय यादव, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, हिमेन्द्र सहारे, अंशुमनं राजपूत, मिथलेश सूर्यवंशी, रघुराज यादव, धनराज वरकडे, केसरीनंदन ऐडे, रामानंद चौरिया, अनुराग दुबे, म.आर. नीतू धुर्वे, द्रोपती डेहरिया।




न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039

## पुलिस कंट्रोल रूम में स्व-गणना प्रशिक्षण सम्पन्न, अधिकारियों ने किया स्वयं पंजीयन..

जगप्रेरणा सिवनी।

जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को गति देने हेतु आज पुलिस कंट्रोल रूम में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा की उपस्थिति में स्व-गणना (Self Enumeration) की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा स्वयं स्व-गणना कर पंजीयन भी किया गया, जिससे अन्य कर्मचारियों को प्रेरणा मिले। प्रशिक्षण में स्व-गणना की प्रक्रिया, आवश्यक जानकारी भरने के तरीके एवं पोर्टल के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक श्री मेहता ने सभी विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना स्व-गणना पंजीयन सुनिश्चित करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि जनगणना कार्य सुगमता एवं शत-प्रतिशत पूर्ण हो सके।

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# बालाघाट जिले में गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने पहली बार एसआईटी का गठन कर की बडी कार्यवाही..

## 25 हजार कि.मी. की यात्राएं कर अंतर्राज्यीय नेटवर्क का किया भांडा फोड़, 09 आरोपीयों को किया गिरफ्तार..





## मध्यप्रदेश सहित उड़ीसा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान व गुजरात तक पहुंचकर पुलिस ने दी लगातार दबिश..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जब भी कोई तस्करी या ऐसे संगठित गिरोह के द्वारा घटित अपराध सामने आता है, इन मामलों में पुलिस की कार्यवाही में आरोपीयों के पकड़े जाने के बाद उनके नेटवर्क का भांडाफोड़ने में पुलिस को सफलता मिलते नहीं देखा जाता, बल्कि ऐसे मामले जब सामने आते हैं, तो उम्मीद की जाती है कि इस रैकेट से पुलिस कुछ बड़ा मामला बाहर निकालेगी, लेकिन बालाघाट जिले में पहली बार 25 हजार कि.मी. की यात्राएं कर तथा मध्यप्रदेश के अलावा उड़ीसा, महाराष्ट्र, छ.ग., राजस्थान व गुजरात तक पहुंचकर बालाघाट पुलिस ने अंजर्राज्यीय गिरोह के 09 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अब इस सफलता के बाद उम्मीद की जा रही है कि बालाघाट पुलिस अब गौ तस्करी, अपहरण, मानव तस्करी, गुमशुदा लोगों की जांच के लिये भी ऐसे ही प्रयत्न अवश्य करेगी, और यदि बालाघाट में आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने ऐसा किया तो निश्चित ही और भी बड़े खुलासों तक पहुंचने की सफलताओं के नए रिकार्ड बनाए जा सकते हैं, फिलहाल बालाघाट पुलिस ने पहली बार जिस तरह से गांजा तस्करी में कार्यवाही की है, वह प्रशंसनीय कही जा सकती है।

### रामपायली पुलिस ने पकड़ी थी गांजा तस्करी..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना रामपायली पुलिस द्वारा प्रारंभिक कार्यवाही में एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल से 21 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसमें एक आरोपी बालाघाट का एवं दो आरोपी उड़ीसा राज्य के निवासी पाए गए जिनके विरूद्ध अपराध क्रमांक 135/26 धारा 8/20,25,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। यह मामला कुछ दिनों पूर्व ही प्रकाश में आयाथा, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा प्रकरण की गहन विवेचना की गई। विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से की गई कड़ी पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अवैध मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े अंतर्राज्यीय रैकेट का खुलासा हुआ, जो गांजा सप्लाई की श्रृंखला में एपेक्स परपेट्रेटर की भूमिका में है। गठित एसआईटी द्वारा मध्यप्रदेश के अलावा उड़ीसा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, राजस्थान एवं गुजरात राज्यों में कई स्थानो पर लगातार दबिश दी गई तथा लगभग 25,000 किलोमीटर की दूरी तय कर साक्ष्य संकलित किए गए। पूछताछ के दौरान प्राप्त सूचनाओं को जोड़ते हुए टीम ने क्रमबद्ध तरीके से आरोपियों तक पहुंच बनाई और कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से आरोपियों के बैंक खातों की जांच कर वित्तीय लेन-देन (फाइनेंशियल ट्रेल) का भी विश्लेषण किया जा रहा है, प्राप्त संदिग्ध लेन देन होने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

वर्तमान में एसआईटी द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से सतत पूछताछ एवं बैंकिंग ट्रेल के गहन विश्लेषण के आधार पर अन्य संलिप्त व्यक्तियों एवं तस्करी से अर्जित संपत्ति की जानकारी एकत्रित की जा रही है। प्रकरण में आगे भी प्रभावी कार्यवाही जारी है। विवेचना के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक होंडा यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल, एक टाटा पिकअप 407 वाहन, 10 मोबाइल फोन एवं अतिरिक्त 2.140 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 23.140 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा की बरामदगी की गई। बालाघाट पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### इन 9 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार..

गौरतलब है कि बालाघाट पुलिस ने गांजा तस्करी में कार्यवाही करते हुए 1. मुन्ना बर्वे पिता बुधराम बर्वे जाति कहार उम्र 54 साल निवासी वार्ड नंबर 11 भटेरा रोड़ बालाघाट थाना कोतवाली बालाघाट, 2. मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव पिता सुधीर देव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मायासारासिंग थाना कोडाला जिला गंजाम उड़ीसा, 3. दिल्लीप सुना पिता गोलेख सुना उम्र 32 साल निवासी नांदिया नागेर थाना मानामुण्डा जिला बौद्ध उडीसा, 4. राज उर्फ आशुतोष पारधी पिता सुन्दरलाल पारधी उम्र करीबन 38 वर्ष निवासी ग्राम सेतवा थाना कटंगी जिला बालाघाट, 5. विजय नायक उर्फ बिजया नाईक पिता कुल्ली नाईक उम्र 30 साल निवासी मृत्युंजयपुर पोष्ट डपाला बगियाबहल मानामुण्डा जिला बौद्ध उड़ीसा, 6. कैलाश चंद्र खमारी पिता दिबाकरा खमारी उम्र 38 साल निवासी तुकेलपाली पोष्ट डपाला मानामुण्डा जिला बौद्ध उड़ीसा, 7. बुल्ला उर्फ बबलू उर्फ वीरभद्र समन्तारा पिता भास्कर समन्तारा उम्र 25 साल निवासी अठागढ़ थाना केसनगर हल्दियापदर उड़ीसा, 8. जग्गा उर्फ जगदीश पाडुआ पिता डमरुधर पाडुआ उम्र 38 साल निवासी रक्तापटा थाना सेरेगड़ा जिला गंजाम उडीसा तथा 9. तेजशंकर पिता उदयलाल पाटीदार जाति पाटीदार कुनबी उम्र 37 साल निवासी ग्राम कानोर सरवानिया तहसील वल्लभनगर जिला उदयपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका..

बालाघाट पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त, वाहन व अन्य संबंधित वस्तुएँ जप्त करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में निरी. दिलीप मौर्य, निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह कुशराम, थाना रामपायली व थाना कटंगी का स्टाफ, सायबर सेल बालाघाट व विशेष जाँच दल के सदस्यों (एसआईटी) की सराहनीय भूमिका रही।

# अधिवक्ता योगेन्द्र दहीकर की पत्नी श्रीमती रश्मि दहीकर का दुखद निधन..

## शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर व जिले के प्रसिद्ध अधिवक्ता योगेन्द्र दहीकर की पत्नी श्रीमती रश्मि दहीकर का आज 20 अप्रैल को सुबह 7 बजे दुखद निधन हो गया। वे काफी दिनों से अत्यंत बीमार चल रही थी, तथा अनेक प्रयासों के बावजूद उनके***

स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो पाया, तथा हाल ही में डॉक्टरों ने जवाब भी दे दिया था, तथा इस स्थिति में भी अनेक प्रयासों के बावजूद आखिरकार अधिवक्ता श्रीमती रश्मि दहीकर ने दम तोड़ दिया। श्रीमती रश्मि दहीकर अपने पीछे पति, एक पुत्र, पुत्री के साथ ही भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। श्रीमती रश्मि दहीकर के दुखद निधन के उपरांत आज 20 अप्रैल को ही उनके निज निवास से दोपहर 2 बजे उनके पार्थिव देह की अंतिम यात्रा निकाली गई, तथा स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि श्रीमती रश्मि दहीकर अपने पति योगेन्द्र दहीकर के साथ नियमित प्रेक्टिशनर भी थी, तथा न्यायालयीन कार्यों में वे काफी दक्ष भी थी। मित्र परिवारों के साथ अपने मिलनसार व्यवहार के लिये उन्होंने एक अहम स्थान बनाया था, लेकिन अचानक एक गंभीर रोग की चपेट में आ जाने से उनके लिये किये गए सारे प्रयास विफल होते चले गए, और उनका दुखद निधन हो गया।

# इंजीनियर आरसी उमरे की माताजी हेमकान्ता उमरे का दुखद निधन.

## जागपुर घाट मोक्षधाम में आज होगा अंतिम संस्कार



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के प्रतिष्ठित व्यवसायी बिल्डर एवं इंजीनियर आरसी उमरे, पुरुषोत्तम उमरे की माताश्री वयोवृद्ध हेमकान्ता उमरे का 92 वर्ष की लंबी आयु में सोमवार 20 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे स्वास्थ्य खराब होने के***

चलते निधन हो गया। स्व. हेमकान्ता उमरे के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा वार्ड क्रमांक 6 उमरे निवास से आज मंगलवार 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे स्थानीय मोक्षधाम के लिये रवाना होगी, जहां उनके पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि श्रीमती हेमकान्ता अपने पीछे शोकाकुल परिवार में दो पुत्र, दो पुत्री पदमा व पूनत मेश्राम व नाती राकेश उमरे, आकाश उमरे सहित अन्य परिवारजनों को को छोड़ गई है। इस दुख की घड़ी परिवार को सहने की कामना भगवान गौतम बुद्ध से परिचितजन पीसी मेश्राम, हरीशचंद कनौजिया सहित अन्य ने की है।

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY / X-RAY / CT SCAN / MRI CENTER
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

## शौच के वक्त सांप के डंसने से वृद्ध की मौत, परिवार में पसरा मातम

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

लालबर्रा तहसील अंतर्गत चंद्रपुरी निवासी रमेश गिरी पिता पुरन गिरी उम्र 71 वर्ष की सर्पदंश से मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा। जानकारी अनुसार, रमेश गिरी खेती किसानी करता है। वह रविवार की शाम 6:30 बजे करीब भोजन करने के पश्चात घर के पास ही खेत में शौच करने गया था, शौच कर ही रहा था कि पीछे से व्यक्ति के कूल्हे पर जहरीले सांप ने दो बार काट लिया, इसके बाद रमेश गिरी तुरंत ही घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। तत्काल परिजनों ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया, जहां देर रात्रि 11:00 बजे करीब उसकी मौत हो गई। अस्पताल पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई के पश्चात सोमवार की सुबह 10 करीब शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुप्रसिद्ध कर दिया गया।

दैनिक जगप्रेरणा द्वारा आयोजित
छू लो आसमान किसने रोका है
मार्गदर्शक
मान. श्रीमती साक्षी लोकेश लिल्हारे
डायरेक्टर (छु लो आसमान किसने रोका है)
ऑल इंडिया रेपीड शतरंज प्रतियोगिता
सहयोग - जिला शतरंज संघ बालाघाट चीफ आर्बिटर - श्याम अग्रवाल नागपुर
दिनांक - 30 मई 2026 शनिवार
स्थान - हरिमंगलम मैरिज लॉन, गोंदिया रोड, बालाघाट (म.प्र.)
समय - सुबह 8.00 बजे से
प्रतियोगिता प्रवेश शुल्क - 300 रुपया
प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि - 25 मई 2026



पुरस्कार

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | पंचम | 6 से 10 वां | 11 से 15 | 16 से 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5100/- | 4100/- | 3100/- | 2100/- | 1100/- | 1000/- | 500/- | 400/- |

प्रतियोगियों को अपने खेल के लिये 15-15 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा। Total Rs.30000/- Cash Prizes + 40 Trophies
Veteran Prizes - Above 50 Age Group - 1st Rs.1500/- 2nd Rs.1200/- 3rd Rs.1000/- 4th Rs.800/- 5th Rs.500/-
Age Catagory Prizes Under - 9, 11, 13, 15 Boys And Girls Separately 1st to 5th Trophy Total 40 Trophies
प्रतियोगी अपना चेस बोर्ड और उनके पास क्लॉक उपलब्ध हो तो ला सकते हैं।
प्रतियोगिमा में भारत के किसी भी राज्य के किसी भी उम्र के प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
बाहर से आने वाले प्रतियोगियों को अपनी लॉजिंग एवं भोजन व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
Sanjiv Divakarrao Bapat
SCAN & PAY
UPI ID: sanjivbapat@indianbk
प्रतियोगिता में प्रवेश हेतु प्रतियोगी इस क्यूआर कोड के माध्यम से शुल्क जमा कर सकते हैं।
विरेन्द्र जैन - अध्यक्ष जिला शतरंज संघ - मो.93296-81149
संजीव बापट - संयोजक शतरंज प्रतियोगिता - मो. 99226-07145
संदीप नेमा - सचिव जिला शतरंज संघ - मो.94254-94782
आशीष वर्मा - प्रधान संपादक, जगप्रेरणा - मो.93290-33433
प्रतियोगी का नाम - ........................ जन्म तारीख - ........................
मोबाईल नंबर........................ रेटिंग ........................
पता - ................................................
प्रतियोगी रिक्त स्थानों में विवरण भर कर व्हाट्सअप नंबर 9922607145 पर भेजें और रसीद प्राप्त करें..

**आवश्यकता है..**
बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/

**आवश्यकता है..**
बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..। संपर्क करें.. मनोज सचदेव मो. 9425822975

**आवश्यकता है..**
ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वी पास, युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

**आवश्यकता है..**
ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी.,12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 9244872544/9201340520

उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के 24 वर्ष..
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुलव्याध (बवासीर) फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्द रहित सफल चिकित्सा..
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता..
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कूल के पास, गणेश नगर गोंदिया (महा.) मो. 09823021274


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

# विष्णु भगवान के छटवे अवतार भगवान परसुराम जी का जन्मोत्सव भारी धूमधाम के साथ मनाया..








जगप्रेरणा बैहर।

***हर वर्श की तरह इस वर्श भी भगवान परसुराम जी की जयंती सभी ब्राम्हण समाज के द्वारा भारी धूमधाम के साथ पटेल सिनेमा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैहर के सभी ब्राम्हण गण, गढ़ी, बालाघाट, उकवा इन सभी स्थानों से ब्राम्हण समाज***

के लोग कार्यक्रम में षामिल हुये। सर्वप्रथम भगवान परसुराम जी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की षुरूआत की गई। हर वर्श की तरह इस वर्श भी पं. निरंजन षर्मा एक झाकी में भगवान परषुराम जी के रूप में दिखाई दिये। सर्वप्रथम बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बहुत ही सुंदर ढंग से बच्चों द्वारा अपनी प्रस्तुति मंच पर दी जो एक सराहनीय कार्यक्रम रहा।

इसके पष्चात् ब्राम्हण गणों द्वारा अपने-अपने विचार भगवान परसुराम जी के संबंध में रखे। मंच का संचालन पंडित निरंजन षर्मा, पं. तीरथ प्रसाद दुबे, श्रीमती गर्ग (अरविंद गर्ग) इनके द्वारा मंच का संचालन सुचारू ढंग से किया गया। बालाघाट से राजेष पाठक एवं उनकी टीम कार्यक्रम में पहुँची। प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को जिन्होंने बोर्ड की परीक्षाओं में अधिकतम अंक लिये थे उन्हें प्रषंसा पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। बुजुर्ग ब्राम्हणों को श्रीफल एवं साल के साथ उन्हें भी सम्मानित किया गया। महिलाओं ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा क्रमवार सभी ने अपने उद्बोधन से कार्यक्रम की षोभा बढ़ाई। इसमें विद्या षुक्ला, श्रीमती पाठक, श्रीमती त्रिपाठी इन्होंने भी अपने विचार एवं गायन कार्यक्रम में दिये। जिसकी सभी ने प्रषंसा की। पं. निरंजन षर्मा ने बेटियॉ हैं तो सब कुछ हैं, इनके बिना जीवन अधूरा, आज के समय बेटियॉ हर काम में आगे है। कार्यपालन यंत्री-दीपक आड़े, इन्होंने भी अपने विचार रखे।

पाठक जी अपने उद्बोधन में समाज के लिये एवं जिले में जो मंदिर निर्माण किया जा रहा हैं उसके संबंध में तथा जो बच्चे प्रतिभावान हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनको समाज के द्वारा आगे बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। ऐसा उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा। इसी प्रकार सभी ब्राम्हण जनों अपने विचार भगवान विश्णु के छटवे अवतार परसुराम जी के संबंध में दिये।

इसके पश्चात् पटेल सिनेमा से षिव मंदिर तक भारी संख्या में ब्राम्हण समाज के महिला पुरूश, बच्चे गाजे बाजे डीजे के साथ आतिष बाजी के साथ रैली के रूप में मंदिर पहुँचे उसके पष्चात् पुनः पटेल सिनेमा कार्यक्रम स्थल पर एकत्र होकर कार्यक्रम का समापन हुआ। भोजन एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। पुलिस प्रषासन द्वारा भी यातायात एवं सुरक्षा के अच्छी व्यवस्था बनाई गई थीं।

# समूह से जुड़कर 'लखपति दीदी' बनीं पार्वती नागपुरे, बदली जीवन की पूरी तस्वीर..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले के किरनापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत लवेरी की रहने वाली श्रीमती पार्वती नागपुरे आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से उन्होंने अपने जीवन में ऐसा बदलाव लाया,***

जो न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक रूप से भी उन्हें एक नई पहचान देता है।

## संघर्ष से शुरुआत

कुछ साल पहले तक पार्वती नागपुरे का जीवन सामान्य ग्रामीण महिलाओं की तरह ही था। उनके पति मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे और घर की जिम्मेदारी पार्वती के कंधों पर थी। उस समय उनकी खुद की मासिक आय मात्र 3,500 रुपये और पूरे परिवार की आय लगभग 5,000 रुपये थी, जिससे घर चलाना मुश्किल होता था।

## समूह से मिला नया रास्ता

वर्ष 2022 में पार्वती नागपुरे ने ÷लक्ष्मी आजीविका स्व-सहायता समूह÷ से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह के माध्यम से उन्हें न केवल बचत और ऋण की सुविधा मिली, बल्कि स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें ÷प्रार्थना महिला ग्राम संगठन÷ का अध्यक्ष भी चुना गया।

## छोटे कदम से बड़ी सफलता तक का सफर

पार्वती ने समूह से 10 हजार रुपये का ऋण लेकर साड़ी भंडार का छोटा व्यवसाय शुरू किया। मेहनत और लगन के चलते उनका काम धीरे-धीरे बढ़ने लगा। इसके बाद उन्हें सीआईएफ से 90 हजार रुपये की सहायता मिली, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार करते हुए सिलाई कार्य और ब्यूटी पार्लर भी शुरू किया। आज पार्वती शादी-विवाह जैसे अवसरों पर दुल्हन श्रृंगार, कपड़ों की सिलाई और साड़ियों की बिक्री से अच्छी आय अर्जित कर रही हैं।

## आय में बड़ा बदलाव

अब पार्वती नागपुरे को मासिक साड़ी भंडार से 6500 रुपए, ब्यूटी पार्लर से 03 हजार रुपए और सिलाई कार्य से 1500 रुपए की शुद्ध आय हो रही है। इस प्रकार उनकी कुल मासिक आय 11 हजार रुपए हो गई है, जबकि परिवार की कुल आय बढ़कर 18 हजार रुपए प्रति माह तक पहुंच गई है।

## जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन

आर्थिक मजबूती के साथ पार्वती का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए निजी विद्यालय में दाखिला दिलाया है। आज वे गांव में एक सशक्त महिला के रूप में जानी जाती हैं और अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

## शासकीय योजनाओं का लाभ

पार्वती ने आयुष्मान कार्ड बनवाकर स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की है और ÷लाड़ली बहना योजना÷ का लाभ भी प्राप्त कर रही हैं।

## प्रेरणा बनीं पार्वती

पार्वती नागपुरे की यह कहानी बताती है कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। आज वे ÷लखपति दीदी÷ बनने की दिशा में अग्रसर हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

# बैहर में रेत कारोबार पर कार्रवाई नहीं, प्रशासन पर उठे सवाल..




सुमित शर्मा, जगप्रेरणा बैहर।

***बैहर क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार लगातार जारी है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। स्थानीय स्तर पर इस मुद्दे को लेकर दो बार समाचार***

प्रकाशित हो चुके हैं, इसके बावजूद प्रशासन की ओर से सख्त कदम नहीं उठाए गए हैं। ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों का आरोप है कि रेत माफिया खुलेआम नदी-नालों से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। दिन-रात ट्रैक्टर और डंपरों के माध्यम से रेत का परिवहन किया जा रहा है, जिससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि शासन को भी राजस्व की भारी हानि उठानी पड़ रही है।

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर प्रशासन इस पूरे मामले में चुप क्यों है? क्या रेत माफियाओं को किसी प्रकार का संरक्षण प्राप्त है? क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि कहीं इस अवैध कारोबार में कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत तो नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि अवैध रेत खनन पर रोक लग सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक संज्ञान लेता है और रेत माफियाओं पर कब कार्रवाई होती है।

### सी-पैप और वेंटिलेटर की मदद से नवजात को मिली नई जिंदगी..

# जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू में चिकित्सकों की टीम ने किया सराहनीय कार्य..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू* (Special New-born Care Unit) *में एक बार फिर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की तत्परता और समर्पण ने एक नवजात शिशु को नई जिंदगी दी। आधुनिक चिकित्सा***

उपकरणों और सतत निगरानी के चलते गंभीर स्थिति में भर्ती नवजात को पूरी तरह स्वस्थ कर सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया। ग्राम मोहगांव, तहसील उगली (केवलारी), जिला सिवनी निवासी दीपिका, पति प्रदीप पंचेश्वर ने दिनांक 31 मार्च 2026 को रात 8:48 बजे बालाघाट स्थित धुर्वे नर्सिंग होम में सिजेरियन प्रसव के माध्यम से एक बालिका को जन्म दिया। जन्म के समय शिशु का वजन 3 किलोग्राम था, लेकिन जन्म के तुरंत बाद उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी।

स्थिति को देखते हुए उसी रात 9:30 बजे नवजात को जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में शिशु की हालत गंभीर पाई गई। चिकित्सकों ने तत्काल सी-पैप (ष्ट-क्कक्क) मशीन के माध्यम से उपचार शुरू किया और लगातार 4 दिनों तक शिशु को इस पर रखा गया। हालांकि अपेक्षित सुधार नहीं होने पर विशेषज्ञ टीम ने निर्णय लेते हुए शिशु को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा।

वेंटिलेटर पर मात्र एक दिन के उपचार के बाद ही शिशु की स्थिति में सकारात्मक सुधार दिखने लगा। इसके बाद अगले चार दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट और आवश्यक एंटीबायोटिक दवाइयों के जरिए इलाज जारी रखा गया।



धीरे-धीरे शिशु की स्थिति सामान्य होने लगी और उसे मां का दूध भी दिया जाने लगा। लगभग 11 दिनों तक सतत निगरानी और उपचार के बाद, 10 अप्रैल 2026 को शिशु को पूर्णतः स्वस्थ घोषित करते हुए 3 किलोग्राम वजन के साथ सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया। इस सफलता पर परिजनों ने एसएनसीयू के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया। डिस्चार्ज के समय माता-पिता के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था।

जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड की यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि समर्पण, आधुनिक तकनीक और टीमवर्क से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

# परसवाड़ा क्षेत्र का गौरव: डॉ विक्रम सिंह लाहोरी राष्ट्रीय सम्मान के लिए नामांकित



जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि बैहर निवासी प्रख्यात इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एवं हॉलिस्टिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ विक्रम सिंह लाहोरी का नाम भारतीय दलित साहित्य अकादमी***

द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2026 के अंतर्गत प्रतिष्ठित सदगुरु कबीर ज्ञानपीठ अवॉर्ड एवं मदर टेरेसा सेवा सुश्रुषा अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है।

डॉ लाहोरी पिछले 14 वर्षों से इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एवं हॉलिस्टिक हेल्थ वेलनेस के क्षेत्र में निरंतर सेवा देते हुए समाज के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने संपूर्ण भारत में 1000 से अधिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए हैं तथा 500 से अधिक निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा सेमिनारों के माध्यम से जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया है।

उनके प्रयासों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है और लोग स्वयं की देखभाल के साथ-साथ सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति भी सजग हुए हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का परिणाम है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर डॉ लाहोरी ने विनम्रता व्यक्त करते हुए इस सम्मान का श्रेय अपनी माता, गुरुजनों, अपने प्रियजनों एवं अपनी पूरी चिकित्सक टीम को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

परसवाड़ा एवं बैहर क्षेत्र में इस खबर से खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए डॉ लाहोरी को शुभकामनाएं दी हैं।












दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# जराहमोहगांव में विधायक गौरव पारधी ने किया सीसी सड़क का शिलान्यास, 14.82 लाख से होगा निर्माण..









जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जराहमोहगांव में आधारभूत विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता गौरवसिंह पारधी ने सांई मंदिर से धरम मरठे***

के घर तक बनने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास 18 अप्रैल 2026, शनिवार को किया। इस सड़क का निर्माण 14.82 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता गौरवसिंह पारधी उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रविकांता महेश बोरकर, जनपद सदस्य श्रीमती राजेश्वरी शारदा डहरवाल, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकरे, सरपंच योगेश डोंगरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## गांव-गांव तक विकास पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता - गौरव पारधी

इस अवसर पर विधायक गौरवसिंह पारधी ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। सड़क, आवास, पेयजल और अन्य आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जराहमोहगांव और अंसेरा उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि हैं, इसलिए यहां विकास कार्यों की

## हर पंचायत में मिल रहे विकास कार्यों को नई गति

विधायक पारधी ने बताया कि वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र की अधिकांश पंचायतों में 10 से 15 लाख रुपये तक के विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने इसका श्रेय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व को देते हुए कहा कि सरकार के सहयोग से क्षेत्र में सड़कों, बिजली, पानी और पंचायत स्तर के कार्यों में तेजी आई है, जिससे आने वाले समय में पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

## हितग्राहियों को वितरित किए गए स्वीकृति प्रमाण पत्र

कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को आवासीय पट्टा एवं पेंशन से संबंधित स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। साथ ही ग्रामवासियों की समस्याओं और मांगों को सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। विधायक ने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और विश्वास दिलाया कि वे हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

रपंच योगेश डोंगरे, उपसरपंच चंद्रप्रकाश डहरवाल, पूर्व सरपंच राजेश डहरवाल, छबिकुमार मरठे, अशोक बिसेन, पतिराम पंचेश्वर, पवन डहरवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत स्टाफएवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विधायक गौरव पारधी ने अंसेरा में 33 केवी पावर हाउस निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

श्री गौरव सिंह पारधी ने अपने गृह ग्राम अंसेरा में प्रस्तावित 33 केवी पावर हाउस निर्माण कार्य हेतु निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारु होगी, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय विकास की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

# विधायक गौरव पारधी ने ली कटंगी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक..

## बेहतर उपचार व्यवस्था के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा..





जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी स्थित संत शिरोमणि महाराणा प्रताप अस्पताल में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक अंतर्गत संचालित सभी उप स्वास्थ्य केंद्र,***

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु आवश्यक सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हमारी प्राथमिकता - विधायक गौरव सिंह पारधी

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा साफ-सफाई जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद भलावी, रोगी कल्याण समिति सदस्य डॉ. गिरेन्द्र पंवार, श्री प्रियांश राउत, श्रीमती प्रमिला बाई परिहार (व्रुष्ट), श्री गोपीचंद राणा (सरपंच देवथाना), ज्योति शैलेंद्र सूर्यवंशी, श्री सुरेंद्र कुर्वे (सरपंच नन्दलेसरा), बोनकट्टा सरपंच श्रीमती भीमलता सुखदेव हाड़ंगे, श्री कपूर चंद पतले (सरपंच घुनाडी) सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।






## जनगणना 2027: पहले चरण में 33 सवाल, पूरी प्रक्रिया होगी डिजिटल..

# वारासिवनी में स्व-जनगणना जागरूकता अभियान का शुभारंभ, नागरिकों से भागीदारी की अपील..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायद जनगणना 2027 का पहला चरण मध्यप्रदेश में 1 मई 2026 से शुरू होने जा रहा है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल और हाईटेक होगी, जिसमें मकानों की गिनती***

से लेकर डेटा संग्रह तक की प्रक्रिया आधुनिक तकनीकों के माध्यम से की जाएगी। पहले चरण में 'हाउस लिस्टिंग' के तहत 33 महत्वपूर्ण सवाल पूछे जाएंगे, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना के रूप में आयोजित होगा। जनगणना की विशेषता यह है कि पहली बार जियो-रेफरेंसिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे हर घर की लोकेशन डिजिटल मैप पर दर्ज होगी। इससे न तो कोई मकान छूटेगा और न ही दोहरी गिनती की संभावना रहेगी। साथ ही, आजादी के बाद पहली बार जातिगत आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे, जो इससे पहले 1931 में संकलित किए गए थे। रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के अनुसार, जनगणना का डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा और इसे 'अति संवेदनशील सूचना बुनियादी ढांचा' श्रेणी में रखा गया है। यह जानकारी न तो आरटीआई के दायरे में होगी और न ही किसी सरकारी योजना या न्यायालय में साक्ष्य के रूप में उपयोग की जा सकेगी। आधिकारिक आंकड़े मार्च 2027 की मध्यरात्रि से निर्धारित माने जाएंगे। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद वारासिवनी द्वारा स्व-जनगणना **(Self Enumeration)** को बढ़ावा देने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके ने नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के निवास पर पहुंचकर स्व-जनगणना की प्रक्रिया का शुभारंभ किया और स्वयं उनकी गणना कराई। अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में माइक अनाउंसमेंट और जनसंपर्क के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों को बताया जा रहा है कि वे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आसानी से ऑनलाइन स्व-जनगणना कर सकते हैं, जिससे समय की बचत होगी और आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित होगी।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ने कहा कि स्व-जनगणना एक सरल और सुविधाजनक प्रक्रिया है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सही जानकारी देने से ही विकास योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सकेगा। वहीं, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संदीप मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने वार्ड को 100 प्रतिशत स्व-जनगणना वाला क्षेत्र बनाएं।

## ऐसे करें स्व-जनगणना:

नागरिकों को वेब पोर्टल पर जाकर गूगल मैप के माध्यम से अपने घर की लोकेशन मार्क करनी होगी। जानकारी सबमिट करने के बाद 11 अंकों की एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक को बताना होगा। प्रगणक द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद ही डेटा अंतिम रूप से दर्ज किया जाएगा। यह सुविधा हिंदी और अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है। ध्यान रहे कि एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही घर का पंजीयन किया जा सकेगा। नगर पालिका ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सहयोग करें और अपने नगर को सटीक एवं पूर्ण जनगणना में अग्रणी बनाने में योगदान दें।


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।


## शासकीय विद्यालयों ने फिर मारी बाजी

# ऐतिहासिक सफलता: शासकीय हाई स्कूल बकोडी का दमदार परीक्षा परिणाम, 95 प्रति. तक अंक - शिक्षा में रचा नया कीर्तिमान

जगप्रेरणा रामपायली।

***खैरलांजी विकासखंड ग्रामीण अंचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल बकोडी ने वर्ष 2025-26 के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर एक नई मिसाल कायम की है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने***

उत्कृष्ट अंक अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने 80त्न से लेकर 95.4त्न तक अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन चुकी है,।

## शाला के 10 चमकते सितारे

भाग्यश्री टेंभरे 95.4 प्रति., रीना ठाकरे 92.8 प्रति., कांक्षी आड़े 91.6 प्रति., आयुषी कुकड़े 87.2 प्रति., अंजली बघारे 85.6 प्रति., रीना दमाहे 84 प्रति., आयुषी पगरवार 83.2 प्रति., आरुषि दमाहे 83 प्रति., सुहानी लिल्हारे 82 प्रति., हिमांशी पंचेश्वर 81 प्रति. ये सभी बच्चे क्षेत्र के लिए गर्व बन चुके है। यह सफ्लता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## 'नवीन भवन और सुविधाओं से बदली शिक्षा की तस्वीर'

हाल ही में निर्मित विद्यालय का नवीन भवन विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हुआ है। स्वच्छ एवं हवादार कक्षाएं, पर्याप्त फर्नीचर, शांत एवं अनुशासित वातावरण तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता ने अध्ययन को अधिक प्रभावी बनाया है।

इन सुविधाओं के कारण विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि और एकाग्रता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

## 'समर्पित शिक्षकों का अतुलनीय योगदान'

इस ऐतिहासिक सफ्लता के पीछे विद्यालय के प्राचार्य अरविंद यादव का कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता प्रमुख रही। उनके मार्गदर्शन में शिक्षक श्री पुष्पराज लिल्हारे, श्री दिनेश बिसेन एवं श्री सुलकिया ने विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाया, बल्कि उन्हें प्रेरित भी किया। नियमित कक्षाएं, अतिरिक्त मार्गदर्शन, मॉडल पेपर अभ्यास और व्यक्तिगत ध्यान ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी।

## 'क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल'

विद्यालय के इस शानदार परिणाम से बकोडी एवं आसपास के क्षेत्रों में खुशी और गर्व का वातावरण है। अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा प्रेमियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

शासकीय हाई स्कूल बकोडी का यह परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और सामूहिक प्रयासों की कहानी है। यह सफ्लता आने वाले वर्षों में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करने का संकेत दे रही है। विद्यालय आज शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# लांजीगढ़ किले में आदिवासी समाज ने परंपरा संग मनाया बड़ादेव मजापूजा व आखा तीज़ पर्व









जगप्रेरणा लांजी।

***आदिवासी समाज लांजी एवं लांझीगढ़ गोंदवाना विकास समिति के द्वारा 20 अप्रैल को पीढी दर पीढ़ी चली आ रही अपने पूर्वजो के मार्गदर्शन*** से अपनी ऐतिहासिक धरोहर संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण के तहत बडादेव मजापूजा का आयोजन कर अक्षय तृतीय आखातीज़ पर्व का आयोजन ऐतिहासिक किले में किया गया। किले परिसर में आयोजिन मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर, मनीषराव पुसाम सामाजिक कार्यकर्ता महाराष्ट्र, सुशीला नेताम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा भारत, साधुराम नेताम सलाहकार गोंडवाना समाज तहसील नगरी छग, आशा धुर्वे नेताम, बिंदा नेताम पूर्व जिला पंचायत सदस्य तह नगरी छग, जेठूसिंह तेकाम प्रांतीय प्रवक्ता कटंगी बालाघाट, एस. आर नेताम राष्ट्रीय सलाहकार गोंडवाना गोंड महासभा भारत, के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः बेला में बुढादेव, बुढीमाई ठाना में, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा भारत व आयोजक समिति के संरक्षक आर सी नेताम द्वारा कलश स्थापना की गई। उसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया। साथ ही नाभिस्थल, खेरमाई ठाना, लंजकाई ठाना, काली कंकाली ठाना में कलश स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। इसी तारतम्य में आमंत्रित अतिथियों व सगाजनों का पंजीयन भी किया गया। आदिवासी समाज के द्वारानगर भ्रमण करते हुए रैली निकाली गई रैली में विशेष आकर्षण का केन्द्र पारंपरिक पहनावा रहा। यह रैली लांजीगढ़ किले से होकर गुजरी चौक, सुभाष चौक बस स्टैंड होते, मेन रोड़ से लंजकाई मंदिर होते हुए वापस लांजीगढ़ किले में पहुंची, जहां पर समुदाय के सगाजनो, भुमका एवं समिति के संरक्षक आर सी नेताम के द्वारा 365 कलश की स्थापना, 750 दीयों से बने सल्ले गांगरा दीप प्रज्जवलित कर बुढादेव को भेंट किया गया।

वक्ताओं ने किले की ऐतिहासिक विरासत गोंड शासकों के इतिहास पर बल दिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे ने पारंपरिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के साथ कहा कि हम अपने प्रत्येक त्यौहारों में उन सभी जीवों को सम्मान देने की परंपरा निभाते हैं जिन्होंने मानव विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हों।इसी कड़ी में सभी अतिथियों ने जल जंगल जमीन के हनन व महत्व के बारे बात कहीं, साथ ही समाज के उत्थान एवं संगठन मजबूती पर उद्बोधन दिए। युवा कोयतुर टीम लांझीगढ़ द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसमें युवा कोयतुर लांझीगढ़ के सभी साथियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन व अतिथियों का आभार व्यक्त धनीराम इनवाती अध्यक्ष लांझीगढ़ गोंडवाना विकास समिति द्वारा किया गया। मंच संचालन गीता मर्सकोले, मनोज मड़ावी द्वारा किया गया।

## समिति से ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित..

उक्त कार्यक्रम आयोजक समिति के संरक्षक आर सी नेताम, टूमनलाल घोरमारे सचिव आदिवासी समाज लांजी एवं अन्य पदाधिकारी राधेश्याम नारनौरे, अतुल हनोते, संजीव वाघाड़े, रिषिकेश घोरमारे, श्रीराम घरते, हेतराम चौधरी, अजय नेवारे धनीराम इनवाती अध्यक्ष लांझीगढ़ गोंडवाना विकास समिति, अशोक मर्सकोले सचिव, श्रावण उईके उपाध्यक्ष, मोतीराम उइके उपाध्यक्ष, मुन्नालाल मलगाम, परसराम पन्द्रे, राजू मर्सकोले विनोद उईके कोषाध्यक्ष, सी.एल उईके, अमोल सिंह धुर्वे, हीरामन उईके, दिलीप उईके, बिरजलाल मड़ावी, मीरा मर्सकोले, राजकुमारी धुर्वे, निशा उइके, युवा कोयतुर लांजी से नरेश उईके, संदीप टेकाम, वर्षा उइके, सोनम मर्सकोले, नीता मर्सकोले, लोकेश भलावी, मनोज मड़ावी, भुवन पन्द्रे, संजय टेकाम, सुनिल उइके, निशा पन्द्रे, विजय मसराम, नरेन्द्र उइके, देवेन्द्र पन्द्रे, कोमल मर्सकोले, संध्या टेकाम, डेविड उइके, दुर्गा प्रसाद पन्द्रे, सुभाष इनवाती, कोमल मर्सकोले, गीता मर्सकोले, गोपाल टेकाम, सुकदास मर्सकोले, दुर्गा उइके एवं समस्त आदिवासी समाज आदि सगाजनो के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया।

# सरिता खोबरागड़े ने थामा ऑटो का स्टेयरिंग सोगलपुर में बनीं नारी शक्ति की मिसाल..







जगप्रेरणा लांजी।

***सरिता खोबरागड़े अब दादी बन चुकी हैं-उम्र के उस पड़ाव पर, जहां आमतौर पर महिलाएं बहू-बेटों की कमाई और सेवा के सहारे सुकून भरी जिंदगी गुजारते हुए घर-आंगन तक ही खुद को सीमित कर लेती हैं।***

लेकिन लांजी क्षेत्र के एक छोटे से ग्राम सोगलपुर की सरिता ने इस पारंपरिक सोच को पीछे छोड़ते हुए अपने हौसलों को नई उड़ान दी है। उन्होंने साबित कर दिया कि अगर जज़्बा जवान हो, तो उम्र कभी भी राह में रुकावट नहीं बनती। ऑटो चलाकर न सिर्फ उन्होंने अपने परिवार को आर्थिक मजबूती दी, बल्कि पूरे गांव की मुश्किलों को भी आसान कर एक नई मिसाल कायम की है। संघर्ष, जज़्बा और खुद पर यकीन का ऐसा संगम कम ही देखने को मिलता है। एक ओर जहां उन्होंने अपनी मेहनत से परिवार और गांव की तस्वीर बदली, वहीं जनपद पंचायत आजीविका मिशन की ग्राम नोडल सुनीता चन्ने का जज़्बा भी इस बदलाव में अहम किरदार निभा रही है।

## अलग-अलग जिम्मेदारी और सभी में निपुण..

ग्राम सोगलपुर की सरिता खोबरागड़े आज नारी शक्ति वंदन का एक शानदार और अनूठा उदाहरण बनकर उभरी हैं। एक समय गृहणी रहकर अपने पति के साथ फेरी में कपड़े बेचने वाली सरिता दीदी आज आदि शक्ति आजीविका स्व सहायता समूह की अध्यक्ष, शिवपुराण ग्राम संगठन की अध्यक्ष और पहल संकुल स्तरीय संगठन की सदस्य के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी हैं। सरिता दीदी बताती हैं कि वह अपने परिवार के जीवन-यापन के लिए गांव-गांव फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करती थीं। मोटर सायकल से सफर करने के दौरान ज्यादा सामान होने पर हमेशा हादसे का खतरा बना रहता था। वहीं मंडई और मेलों में दुकान लगाने के लिए उन्हें दूसरे वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता था-जो कभी समय पर आते, तो कभी सिर्फ वादा कर के नहीं पहुंचते, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

## ऑटो चलाने का हुनर भी ग़जब..

इसी बीच ग्राम संगठन की बैठक में गांव की एक बड़ी समस्या सामने आई-मुख्य सडक़ तक पहुंचने के लिए 3 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। जब कोई आगे नहीं आया, तो सरिता दीदी ने हिम्मत दिखाई और ऑटो चलाने का फैसला कर लिया। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने अपने पति और बेटों के साथ मिलकर 1.5 लाख रुपये जुटाए और समूह से 2 लाख रुपये का ऋण लेकर ऑटो खरीदा। सबसे दिलचस्प बात यह रही कि जहां लोग पहले वाहन चलाना सीखते हैं, वहीं सरिता दीदी ने पहले ऑटो खरीदा और फिर उसे चलाना सीखा-और आज उनके ड्राइविंग कौशल को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब खुद का ऑटो होने से न केवल उनकी पुरानी परेशानियों से निजात मिली है, बल्कि गांव के लोगों को भी लांजी आने.जाने में बड़ी सहूलियत हो गई है। साथ ही उनके लिए एक अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी बन गया है।

## आय बढऩे के साथ जीवन जीने का तरीका भी बदला....

आज उनकी मासिक आयए जो पहले करीब 12 हजार रुपये थी, बढक़र लगभग 25 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। सरिता खोबरागड़े ग्राम सोगलपुर के आवासटोला में एक छोटे से मकान में अपने भरे-पूरे परिवार के साथ जीवन यापन कर रही हैं, लेकिन उनके सपनों की उड़ान अब आसमान छू रही है। दादी बनने के बाद भी उनका जज़्बा कम नहीं हुआ, बल्कि और निखर कर सामने आया है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित चल समारोह में जब सरिता दीदी ऑटो चलाते हुए शामिल हुईं, तो लोगों ने तालियों की गूंज के साथ उनका जोरदार इस्तकबाल किया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। सरिता खोबरागड़े की यह कहानी महज़ एक खबर नहीं, बल्कि एक मजबूत पैगाम है।

# दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत, दो गंभीर घायल, एक रेफर





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम कटंगी में हुये एक सडक़ हादसे मे दो मोटर सायकल की आमने सामने भिडंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।***

जिनका प्राथमिक उपचार सिविल अस्पताल लांजी में किया गया। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 बजे लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम कटंगी में मुख्य मार्ग पर दो मोटर सायकल आपस में टकरा गई। बतादे कि दीपक राजाराम टेकाम उम्र 25 वर्ष निवासी गोर्रे, थाना बहेला, अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 जेड सी 8812 में अपनी माता जी को ग्राम कुम्हारी छोडक़र लांजी की ओर आ रहा था दुसरी ओर से सुनील पिता बिसराम आसटकर 40 वर्ष निवासी आवास कालोनी लांजी जो कि लांजी से आमगांव की ओर अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 एमआर 3367 से अकेले जा रहा था जैसे ही दोनो वाहन ग्राम कटंगी पंहुचे अज्ञात कारणो के चलते दो वाहनों की आमने भिडंत हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दोनो ही मोटर सायकल के सामने के चक्के रिंग टूट गये तथा दोनो ही मोटर सायकल समेत नीचे जमीन पर गिर गये जिन्हे गंभीर चोटे आई है। घटना घटित होते ही मौका स्थल पर मौजूद लोगो के द्वारा निजी वाहनों से घायलो को सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया।

जहां उपस्थित डाक्टर्स एवं स्टाफ के द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना में गंभीर रूप से घायल गोर्रे निवासी दीपक टेकाम को गोंदिया रिफर किया गया। घटना के संबध में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा लांजी पुलिस को जानकारी उपलब्ध कराई जाकर सूचित किया गया है।






लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433


# जग प्रेरणा साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख




दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## कई प्रश्नों को जन्म देता है महिला आरक्षण विधेयक का गिरना

भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी न केवल एक सामाजिक आवश्यकता है, बल्कि हमारे संवैधानिक आदर्शों की अनिवार्य शर्त भी है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो 2011 की जनगणना के अनुसार प्रति 1000 पुरुषों पर 943 महिलाएँ थीं, जबकि एनएफ़एचएस-5 के नवीनतम आँकड़े लिंगानुपात में सुधार दर्शाते हुए प्रति 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाओं की उपस्थिति दर्ज करते हैं। स्पष्ट है कि देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। ऐसे में यह प्रश्न उठना अपरिहार्य है कि क्या नीति-निर्धारण के सर्वोच्च मंचों(संसद और विधानसभाओं)पर उनकी भागीदारी इस अनुपात के अनुरूप है?

राजनीति और समाजशास्त्र के विशेषज्ञों का मत है कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के न्यून प्रतिनिधित्व के कारण उनके सरोकारों को वह स्वर नहीं मिल पाता, जिसकी वे हकदार हैं। विडंबना देखिए कि यदि इन सदनों में उनकी सहभागिता प्रभावी होती, तो क्या महिलाओं के उत्थान से संबंधित कोई विधेयक इस तरह गिर सकता था?

हाल ही में, वर्ष 2029 के चुनावों से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से लाया गया 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' (131वाँ संविधान संशोधन विधेयक) संसद में दो-तिहाई बहुमत न मिल पाने के कारण पारित नहीं हो सका। केंद्र सरकार का यह महत्वाकांक्षी स्वप्न राजनीति की भेंट चढ़ गया। यह घटना भारतीय राजनीति की जटिलताओं और प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने को विवश करती है। यहाँ विचारणीय है कि क्या महिला प्रतिनिधित्व केवल एक चुनावी मुद्दा भर है?

महिला आरक्षण का प्रश्न दशकों से लंबित है। यह मात्र एक विधायी प्रस्ताव नहीं, अपितु लैंगिक समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसके बावजूद विधेयक का गिरना क्या यह संकेत नहीं देता कि महिला सशक्तिकरण को आज भी राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर तौला जा रहा है? जहाँ सत्तापक्ष ने प्रधानमंत्री की अपील और गृहमंत्री के स्पष्टीकरण के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने का प्रयास किया, वहीं विपक्ष का रुख कई गंभीर प्रश्न छोड़ गया जैसे क्या विपक्ष महिला सशक्तिकरण के प्रति वास्तव में गंभीर था?;क्या 'परिसीमन' जैसे तकनीकी विषय महिला प्रतिनिधित्व से अधिक महत्वपूर्ण थे?;क्या विपक्षी दलों के लिए 'विरोध के लिए विरोध' की राजनीति एक विवशता थी या सोची-समझी रणनीति?;

क्या क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व में यह असुरक्षा है कि आरक्षण लागू होने से उनके परिवारवाद का वर्चस्व कम हो जाएगा?

विपक्ष के कुछ गुटों का तर्क था कि इस आरक्षण के भीतर पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान होना चाहिए। यह तर्क सैद्धांतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है, किंतु क्या इस आधार पर पूरे विधेयक को ही अस्वीकार कर देना उचित था?, क्या सुधार की प्रक्रिया को सिरे से खारिज करना ही समाधान है? राजनीतिक दल चाहते तो विधेयक का समर्थन कर अपनी पार्टियों के भीतर आंतरिक स्तर पर पिछड़ी, दलित, आदिवासी जातियों को प्रतिनिधित्व देने की व्यवस्था कर सकते थे।

ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी दलों ने इसे सामाजिक न्याय के बजाय केवल एक राजनीतिक दांवपेच के रूप में देखा। संसद की यह परिणति समस्त देशवासियों को सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारा राजनीतिक वर्ग उस संवैधानिक समानता के आदर्श को स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से तैयार है? मेरा ऐसा मानना है कि बिना महिलाओं को नीति-निर्धारण में उचित स्थान दिए, 'सशक्त भारत' का स्वप्न कभी साकार नहीं हो सकता।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## बस सांसे चल रही है और कुछ नही

बस सांसे चल रही है और कुछ नही
तेरी कमी खल रही है और कुछ नही।

दिल मे ही बन गया है श्मशान स्थल
तमन्नाएं जल रही है और कुछ नही ।

इन दिनो सुबह भी पीना हो जाता है
बस यादें खल रही
है और कुछ नही।

बढ़ रहे है यहां
बिना काम के दुश्मन
लोगों की जल रही
है और कुछ नही।

बढ़ा रखें है लोगों
से फासले संजय
जिंदगी सम्भल रही
है और कुछ नहीं।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## दैत..

दैत दुराचारी रहत,
सदा बघारत स्यान।
चींनत नइयाँ धर्म
खौं, हिरदें रत अज्ञान।।

लीक छोड मानव करैं,
अधरम औ उत्पात।
भलौ बुरौ जानें नईं,
दैत ओइ खों कात।।

खाय माँस मदिरा
पियैं, होंय लोढिया बाज।
ऐसे नर ही दैत हैं,
गिरत इनईं पै गाज।।

देखौ ई कलिकाल में,
जाँ ताँ बैठे दैत।
अपनी ढपली ठोक रय,
पनौ बना रय नैत।।
फूँक फूँक कें पग धरौ,
चलौ समर कें नन्द।
दैत संग जिन राखियौ,
तुमें बिदार्दें दन्द।।

रामानन्द
पाठक नन्द

## ब्राम्हण..

जिनमें ब्रम्ह,
रमण करता है,
जो
ब्रम्ह में ही
रमते हैं।
जिनके
पावन चित क्षेत्र में,
ऋचा, मंत्र
बनते बसते हैं।
शास्त्र
उन सभी
महद् भाव को,
आप्त पुरुष,
संज्ञा देते हैं।
पृथ्वी तल के
हम लघु मानव,
उनको ही
ब्राम्हण कहते हैं।

शिरा प्रवाहित
तरल रक्त में ,
पर उपकार
सदा बहता हो।
जिनकी गुरु गंभीर
गिरा में,
ऋत और सत्य
सदा रहता हो।
जो अन्यों के
हित साधन में
असहनीय
दु:ख भी सहते हैं।
पृथ्वी तल के

जो सर्जक
सारे नियमों के,
स्वयं,
नियम से
परे नहीं हैं।
जो शासक के भी
शासक हैं,
जो सत्ता से
डरे नहीं हैं।
विषम और
प्रतिकूल पलों में
जो
सच को
सच ही कहते हैं।
पृथ्वी तल के

जिनकी सांसों में
संयम हो,
आनन से
आभा का विकिरण।
जन्म जाति के
पक्षपात का

जो करते रहते
उच्छेदन।
जो
सामाजिक समरसता का
तार्किक
उद् घोषण करते हैं।
पृथ्वी तल के

धर्म, अर्थ
और काम, मोक्ष से
जिनका
मन उपवन
हरियाता।
चार आश्रमों का
अनुपालन,
जीवन को
सार्थक कर जाता।
संस्कारों के
चारु निकष पर
जो अपने
मन को कसते हैं।
पृथ्वी तल के

शिखा सूत्र मेखला,
सदा से
जिनका
प्रिय परिधान रहा है।
तीन सूत्र के
तीन ऋणों का,
जिनको पल पल,
भान रहा है।
जो जगती के
अग्निहोत्र में
स्वयं,
प्रथम समिधा
बनते हैं।
पृथ्वी तल के

जो
सन्यासी बन
जीवन का,
उत्तरार्द्ध
वन में ही काटें।
तन त्यागें तब,
मृत शरीर का मांस,
क्षुधित
पशुओं में बांटें।
जो समाज से
कभी न लें कुछ,
ऊर्ध्व हस्त
देते रहते हैं।
पृथ्वी तल के

मैं अब्राम्हण
जीवन

## अंजाना दिखता है..

भूख लगे तो भूख मिटाना दिखता है,
भूख मिटे तो फिर ठिकाना दिखता है।

जब दोनों इच्छा पूरी हो जाती है तब,
लोगों का तेरा मेरा बताना दिखता है।

जब-तक रहती है भूख प्यास की चिंता,
तबतक सबको अपना बनाना दिखता है।


सच झूठ तो एक शब्द लगता है उसे,
जिसे दो वक़्त की रोटी कमाना दिखता है।

जब बढ़ जाती दौलत की भूख इंसानों में,
तब औरों को नीचा दिखाना दिखता है।

अहंकार जब चढ़ जाता है मष्तिष्क में,
सच में उजाला हर कोई अंजाना दिखता है।

अनिल कसेर 'उजाला'

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 102



ck;। l। nk;। !& 1) एक देश जिसकी राजधानी काबूल है 6) भारत में सर्वाधिक चाय उत्पादित करनेवाला एक पूर्वी राज्य 8) मूषक 11) लक्ष्मी 13) विक्षिप्त, पागल 14) वेश्या 16) कृष्ण दिवानी प्रसिद्ध स्त्री संत का नाम 17) बिना वजह के 18) एक तौल या परिमाण 19) कटि 20) चीजें, उपकरण 22) जीत 23) ख्याति प्राप्त करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 26) यश, विजय 29) मुर्दे को कबर में गाड़ना 30) भारी 32) जुलूस में दी जानेवाली घोषणा 33) बहू की मां (रिश्ता) 35) पंकज, राजीव 37) असफलता 39) एक प्रसिद्ध चीनी यात्री जिसने सर्वप्रथम भारत की यात्रा की थी 41) महाभारत के पांच पांडवों में से एक 42) दुर्घटना 43) पति की बहन 44) धीमा, सुस्त 45) दिया, दीपक 47) पतंगा 48) दुर्भिक्ष्य 49) चुप्पी,, न बोलना 50) संदेह 52) दूरी,, अन्तर 55) नक्षत्र 57) वंश 58) समाप्ति 59) भूपृष्ठ, भूमि 60) कहा जाना, कहने का काम दूसरे से कराना 62) किश्ती 64) कठिन, दु:साध्य 65) अंश, हिस्सा 66) रोटी सेंकने का गोल उपकरण 67) कैंची से काटना 69) लोभ, अधिक से अधिक मिलने की इच्छा 70) भाग्य 72) मुंबई का एक प्रमुख उपनगर 74) पीड़ा से मुंह से शब्द निकलना 76) ले आना 77) डर, आतंक 78) इधर उधर व्यर्थ भटकना इस अर्थ का एक मुहावरा 81) लज्जाजनक 84) खुले स्थान को घेरने के लिए लगाया जानेवाला मोटा कपड़ा 85) धूल 86) थोड़ासा, बुढ़ापा 87) अकाली दल के एक प्रमुख नेता का कुल नाम 88) मदिरा, मद्य 90) मेहराबदार 93) भाग्य (अंग्रेजी) 96) एक सुगंधित वृक्ष जिसकी लकड़ी भी सुगंधित होती है 98) चलन में आनेवाले सिक्के ढालने का कारखाना 100) वक्त, काल 101) आझाद हिंद फौज के संस्थापक 104) सावधान 106) बड़ी विपत्ति 107) ईश्वर, भगवान 108) भारतीय फिल्म जगत की पहली सुपरहिट 70 एम. एम. फिल्म 109) ठंड़ में ओढ़ी जानेवाली रुई भरी एक किस्म की मोटी चादर 110) इज्जत, सतीत्व 111) आचार्य विनोबा भावे का आश्रम महाराष्ट्र के वर्धा जिले में इस गांव में है 112) स्वर्णकार

Åij l। uhp। !& 1) दुविधा में पड़ना इस अर्थवाला एक मुहावरा 2) एक पशु के बाल जिनसे कोट या टोपियां बनाई जाती है 3) असावधान 4) विशुद्ध, बिना मिलावट का, एकमात्र 5) सिर झुका कर प्रणाम करना 6) आमदनी 7) एकदम स्पष्ट 8) चूर्ण 9) नियमानुसार 10) गिनती 11) ओडिशा का एक प्रमुख शहर 12) स्वेच्छा चारिता पूर्ण काम 15) दिन 16) बारह राशियों में से एक 17) अपरिचित 21) स्वीकार करना 22) दशहरा 24) एक देश जिसका वर्तमान नाम मलेशिया है 25) अप्रसन्न, नाखुष 27) काल, मृत्यू देव 28) न अधिक गरम प अधिक ठंड़ा (पानी) 29) कीचड़युक्त जमीन जिसमे पैर पड़ते ही अन्दर धंस जाता है 30) उलटी 31) दूर करना, हटाना इस अर्थवाला एक मुहावरा 34) अमीर, धनी 36) उज्जैन के शिवलिंग का नाम 38) जंगल, वन 40) सरिता 46) ठिकाना 48) प्रभावी, प्रभावशाली 49) मृत्यू 51) सोना, सुवर्ण 53) सहन करना 54) दुकानदारों के लिए प्रयुक्त एक संबोधन 56) गोस्वामी तुलसीदासजीद्वारा रचित श्रीराम कथा 57) आकाश 58) शारीरिक अवयव 59) हमारे पहले प्रधानमंत्री 61) जो मनुष्य किसी काम का न हो, अयोग्य 63) शेर 64) गेंहू की एक किस्म 65) वजन 66) पत्थर, हीरे आदि को काटकर सुंदर बनाना 68) विवाह विच्छेद 71) सरहद 73) लगातार (मारना) 75) व्यक्तियों का संबोधनवाची शब्द 78) मारने – काटने की क्रिया 79) खोज, चिंता 80) गुजरात राज्य की एक प्रमुख नदी 82) स्त्री 83) जिसमें मांस न हो, शाकाहारी 89) हिन्दूओं का दूसरा महीना 91) धनवान 92) सेवक 94) पंक्ति 95) श्रीकृष्ण के जन्मदाता 96) चन्द्रमा 97) धर दबाना 99) झूठ बोलनेवाला, गप हांकनेवाला 102) मन का विचार, कल्पना 103) कुछ, थोड़ेसे 105) छुट्टी 106) किस समय (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ग | प | त | | द | फ | ना | ना | | वा | सु | की | | म | | मा | लि | क | | का |
| प | र | व | र | दि | गा | र | | ई | | र | हा | | म | हा | व | त | | म | हा | न |
| | म | न | | नां | | क | मी | | सौ | दा | ग | र | | भा | ट | क | | ला | य | क |
| आ | | सु | ब | क | ना | | न | सी | ह | त | | ई | श्व | र | | र | क्ष | क | | त |
| स | म | त | ल | | म | जा | | ता | जा | | इ | स | | त | प | ना | | र | ब | र |
| पा | ल | | वा | ह | क | | स | फ | र | | क | | ब | | रि | | इ | | | ना |
| स | मा | धा | न | | मा | ला | मा | ल | | ने | ता | जी | सु | भा | ष | च | न्द्र | बो | स | |
| | | व | | सू | ना | प | न | | जे | व | रा | त | | वे | द | | जी | त | | नै |
| ब | र | क | रा | र | | ता | | त | ब | ला | | ना | ती | | | क | त | ल | | ऋ |
| ह | फ्ता | | जा | न | की | | क | न | क | | सा | | स | रे | आ | म | | | नि | त्य |
| स | र | फि | रा | | र | न | र | | त | र | फ | दा | री | | ल | ला | ट | रे | खा | |
| | | स | म | र | | र | म | ता | रा | म | | ग | | नी | म | | प | खा | र | ना |
| को | म | ल | | जा | य | के | दा | र | | जा | न | दा | र | | प | री | | ग | | ज |
| श | ह | ना | ई | | | स | ता | ना | | न | ज | र | क | र | ना | | ग | णि | का | |
| का | ज | | मा | ह | वा | री | | | पा | | रा | | म | ज | ह | ब | | त | ज | ना |
| र | | घु | न | | यु | | अ | ना | प | श | ना | प | | त | | स | जा | | ल | व |

anumeya-08446302691





# दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा हैदराबाद..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफहोने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है।***

कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स की तरफसे पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही।

बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं। बल्लेबाजी में उसका दारोमदार शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर है लेकिन इनके नहीं चल पाने पर उसके मध्यक्रम पर दबाव बढ़ जाता है। विशेषकर हेनरिक क्लासेन को सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। मध्यक्रम में उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है।



पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## टीम इस प्रकार हैं :

**सनराइजर्स हैदराबाद:** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुल्लेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी.

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# 'भगवान से कहती थी, मुझे बचा लो', नशे में डूबी सिंगर, शराब की लत ने किया बर्बाद, अब 1700 करोड़ी फिल्म ने बनाया सुपरस्टार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फेमस सिंगर जैस्मीन सैंडलास इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हिट पर हिट गाने देकर वो बॉलीवुड की टॉप सिंगर बन गई हैं। 'धुरंधर' फेम सिंगर हाल ही में रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में नजर आई, जहां उन्होंने अपनी निजी जिंदगी, करियर और संघर्षों पर खुलकर बात की।***

'धुरंधरः द रिवेंज' एल्बम की सफलता को एंजॉय कर रहीं जैस्मीन ने इस दौरान अपने जीवन के उस कठिन दौर का भी जिक्र किया, जब वह शराब की लत से जूझ रही थीं। उन्होंने बताया कि शराब की लत के चलते उनकी हालत कैसी हो गई थी।

## बचपन के अनकहे दर्द और माता-पिता से अनबन..

चर्चा के दौरान जैस्मीन ने स्वीकार किया कि उनका बचपन काफी संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि बड़े होते समय उन्हें कई चीजों को खुद ही समझना पड़ा, जो उनके लिए काफी मुश्किल दौर था। जैस्मीन के अनुसार माता-पिता की सख्ती और घर के माहौल का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, 'जब एक बच्चे का दिल टूटता है तो वह हमेशा के लिए टूटा रह जाता है।' उन्हें अपने माता-पिता से वह सुरक्षित जगह और मार्गदर्शन नहीं मिला जिसकी उन्हें तलाश थी, जिसके कारण उनके मन में काफी नाराजगी भर गई थी।

## शराब की लत और जीवन का सबसे कठिन दौर..

जैस्मीन ने अपने जीवन के उन 2-3 सालों के बारे में बात की जब वह शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन्होंने बताया कि उस समय एक तरफ वह सफलता की ऊंचाइयों पर थीं और मशहूर हो रही थीं, लेकिन दूसरी तरफ उनके परिवार की स्थिति बिगड़ रही थी। पिता के निधन और पारिवारिक कलह ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया था।



उन्होंने कहा, 'मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी और मुझे इस बात का पछतावा है, लेकिन उस समय के हालात को देखते हुए वह मेरे लिए शायद एक सहारा था।' वह जीवन भर एक ऐसे सुकून और घर की तलाश में भटकती रहीं जो उन्हें बचपन में नहीं मिला।

## परिवार ने की मदद..

अपनी रिकवरी के बारे में बात करते हुए जैस्मिन ने अपने परिवार, खासकर अपनी मां को इसका श्रेय दिया, जिन्होंने उनके सबसे बुरे दौर में उनका साथ दिया। वो कहती हैं, 'मेरी मां और मेरे परिवार ने रिकवरी में मेरी सच में बहुत मदद की, जब मैं पूरी तरह टूट चुकी थी, तब भी उन्होंने मुझसे प्यार किया। मेरी सबसे बड़ी लड़ाई खुद से थी।

उन्होंने यह भी बताया कि पुरानी आदतों से बाहर निकलना और फिर से शुरुआत करने की हिम्मत जुटाना कितना मुश्किल था। उन्होंने बताया,'दिन शुरू होता है और आप फिर से अपनी पुरानी आदतों में फंस जाते हैं। मैंने भगवान से बहुत प्रार्थना की, 'प्लीज मुझे बचा लो, बस मुझे एक और मौका दे दो'। मैं बहुत बेबस महसूस कर रही थी। आपको बस चीज़ों के लिए 'नहीं' कहने की हिम्मत चाहिए होती है। परिवार का साथ बहुत जरूरी है.उनसे दूर मत भागिए। जब मैंने अपनी जिंदगी से जहरीली चीजों निकाल फेंका तो मुझे लगा जैसे मुझे एक नई ज़िंदगी मिल गई हो।'

## 'किक' से मिली पहचान और 'धुरंधर' की बड़ी सफलता..

जैस्मीन सैंडलास का जन्म जालंधर में हुआ और परवरिश कैलिफोर्निया में हुई। उन्होंने 2008 में 'मुस्कान' गाने से अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उन्हें असली पहचान 2014 में सलमान खान की फिल्म 'किक' के गाने 'यार ना मिले' से मिली, जिसे उन्होंने यो यो हनी सिंह के साथ गाया था। हाल ही में आदित्य धर के निर्देशन और रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' में उनके गाए गाने जैसे 'शरारत', 'मैं और तू' और 'आरि आरि' चार्टबस्टर साबित हुए हैं।

## जैस्मीन का करियर ग्राफ और वर्तमान स्थिति..

शाश्वत सचदेव द्वारा रचित संगीत एल्बम में जैस्मीन की आवाज को दर्शकों ने खूब सराहा है। अपनी निजी मुश्किलों को पीछे छोड़कर वह अब संगीत की दुनिया में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। पॉडकास्ट में उनकी स्पष्टवादिता ने प्रशंसकों को उनके मानवीय पक्ष से रूबरू कराया, जहां उन्होंने यह संदेश दिया कि सफलता के बावजूद इंसान के भीतर कई अनसुलझी भावनाएं और दर्द हो सकते हैं।

# कगिसो रबाडा ने लसिथ मलिंगा को छोड़ा पीछे

# 3 विकेट लेते ही किया बड़ा कारनामा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे हैं। जारी आईपीएल सीजन में 20 अप्रैल को गुजरात टाइटंस की टीम का सामना मुंबई इंडियंस से हुआ।***



इस आईपीएल मैच में तेज गेंदबाज रबाडा ने नई गेंद से कहर बरपाया, उनके सामने मुंबई इंडियंस के टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। मुंबई के टॉप ऑर्डर के 3 बल्लेबाजों को आउट करके रबाडा ने एक खास रिकॉर्ड लिस्ट में लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है।

## कगिसो रबाडा ने लसिथ मलिंगा को छोड़ा पीछे..

आईपीएल में विदेशी तेज गेंदबाज के तौर पर पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड ट्रेंट बोल्ट के नाम है। उन्होंने इस लीग में अब तक पावरप्ले में 72 विकेट हासिल किए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर अब कगिसो रबाडा पहुंच चुके हैं। वह आईपीएल में अब तक पावरप्ले में 38 विकेट ले चुके हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उन्होंने 3 विकेट लेते ही मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है। पावरप्ले में 37 विकेट लेकर लसिथ मलिंगा तीसरे नंबर पर हैं। वहीं 36 विकेट के साथ मोर्ने मोर्केल का नाम चौथे नंबर पर है।

## IPL में पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले विदेशी गेंदबाज

72: ट्रेंट बोल्ट
38: कगिसो रबाडा
37: लसिथ मलिंगा
36: मोर्ने मोर्कल

## IPL 2026 में भी पावरप्ले में रबाडा ने की है शानदार गेंदबाजी

**IPL** 2026 में भी पावरप्ले में कगिसो रबाडा ने गेंद से कहर बरपाया है। वह इस सीजन पावरप्ले (1-6 ओवर) में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 6 मुकाबलों में पावरप्ले के दौरान अब तक 7 विकेट हासिल किए हैं।

इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर हैं, उन्होंने इस सीजन 6 मुकाबलों में कुल 8 विकेट अपने नाम किए। इनमें 6 विकेट पावरप्ले के दौरान मिले। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जैकब डफी 5-5 विकेट के साथ इस लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर मौजूद हैं।

## मुंबई इंडियंस ने गुजरात को सामने रखा 200 का टारगेट..

गुजरात के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए हैं। मुंबई के लिए इस मैच में तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। उन्होंने अपनी ये सेंचुरी मात्र 45 गेंदों में पूरी की। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के सहित कुल 15 बाउंड्री लगाए। गुजरात टाइटंस की टीम 200 रन का टारगेट हासिल कर पाती है या नहीं ये देखना दिलचस्प होगा।

# कैंसर और सिस्ट के ऑपरेशन के बाद दीपिका कक्कड़ को फिर हुए दो नए सिस्ट, अभी नहीं हो सकता इलाज, खुद सुनाई दर्दनाक दास्तां..

डेस्क जगप्रेरणा।

***लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ पिछले लगभग एक साल से लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से मजबूती से लड़ रही हैं। पिछले साल मई में उनके लीवर में टेनिस की गेंद के आकार का ट्यूमर पाया गया था, जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई थी।***



इसी साल मार्च में एक और सिस्ट उभर आया था, जिसे भी ऑपरेशन के जरिए हटाया गया। अब अभिनेत्री के ताजा स्कैन में दो नए सिस्ट दिखाई दिए हैं, जिससे परिवार की चिंताएं बढ़ गई हैं। शोएब इब्राहिम ने अपने हालिया व्लॉग में इस खबर को साझा किया और बताया कि दीपिका का इलाज अब एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

## दीपिका कक्कड़ के स्कैन में दिखे दो नए सिस्ट..

शोएब इब्राहिम ने अपने हालिया व्लॉग में दीपिका की हालिया एमआरआई रिपोर्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पिछले सोमवार को किए गए एमआरआई में दो छोटे सिस्ट दिखाई दिए हैं। शोएब ने कहा, 'बीते सोमवार को हमने एमआरआई टेस्ट कराए, उसके बाद से बार-बार अस्पताल के चक्कर लगते रहे। इसी दौरान पता चला कि एमआरआई में दो और सिस्ट हो गए हैं, जो काफी छोटे हैं अभीं। ये सिस्ट इतने छोटे थे कि सीटी स्कैन में नजर भी नहीं आते। एमआरआई काफी बारीकी से होता है, इसलिए दिख गए।'

इन गांठों के वर्तमान स्थिति पर बात करते हुए दीपिका ने स्पष्ट किया कि अभी ये आकार में बहुत छोटे हैं, इसलिए तुरंत कोई बड़ी कार्रवाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा, 'ये अभी बहुत छोटे हैं, अभी इन पर कोई एक्शन नहीं लिया जा सकता, एक महीने बाद फिर से स्कैन कराना होगा। अब ये टेस्ट एक रूटीन जैसे हो गए हैं। इन्हें बार-बार कराते रहना होगा। हमें क्लोज वॉच रखनी पड़ेगी। भगवान न करें कि स्कैन में कुछ ज्यादा बढ़े। अगर दिखता है तो हम इसका इलाज तुरंक करा सकते हैं, जैसा की हमने सिस्ट के साथ हाल ही में किया था।'

## इस सप्ताह से शुरू होगी इम्यूनोथेरेपी..

कैंसर से लड़ाई को और प्रभावी बनाने के लिए डॉक्टरों ने अब दीपिका की इम्यूनोथेरेपी शुरू करने का निर्णय लिया है। शोएब ने व्लॉग में बताया कि डॉक्टर इन नए सिस्ट की बारीकी से निगरानी करेंगे और उपचार योग्य होने पर इन्हें हटा दिया जाएगा। उन्होंने उपचार की प्रक्रिया साझा करते हुए कहा, 'डॉक्टर्स ने कहा है कि नो इस स्थिति को मॉनिटर करें और जब उन्हें लगेगा तो इसको ट्रीट करेंगे और इसे निकाल देंगे। इस हफ्ते से दीपिका की इमोनोथेरेपी शुरू होगी। कई डॉक्टर्स ने इसकी राय दी है, हर 20 दिन में एक बार अस्पताल जाना होगा। हर विजिट 4-5 घंटे की होगी। अभी ये इतना गंभीर नहीं है, लेकिन अगर इसे एक महीने बाद ट्रीट करना पड़ा तो सेम प्रॉसेस फॉलो होगा। जो हो गया सो हो गया, हम इसके बारे में कुछ भी नहीं कर सकते हैं। हम इसे अच्छे अंदाज में देख रहे हैं।'

## बीमारी का पारिवारिक जीवन और बेटे रूहान पर असर..

लगातार अस्पताल के चक्कर और इस तनावपूर्ण स्थिति का असर न केवल दीपिका और शोएब की सेहत पर पड़ रहा है, बल्कि उनके छोटे बेटे रूहान के व्यवहार में भी बदलाव देखे जा रहे हैं। दीपिका ने भावुक होते हुए साझा किया कि उनका बेटा अब उनके समय की कमी को महसूस करने लगा है। उन्होंने कहा, 'हम बीते कुछ दिनों से बिजी थे और हमने नोटिस किया कि ये बात रुहान महसूस कर रहा है, हम उसे ज्यादा वक्त ही नहीं दे पा रहे। वो अपना गुस्सा जाहिर कर रहा है, वो चिड़ चिड़ा नजर आता है ताकि हम उसे अटेंशन दें। इस वक्त उसे प्यार देना बेहद जरूरी।'

## नहीं मिल रहा वक्त..

अस्पताल की व्यस्तता के कारण शोएब पिछले सप्ताह व्लॉग भी पोस्ट नहीं कर पाए थे। उन्होंने बताया कि रूहान उन्हें बहुत याद करता है और रोता है। दीपिका ने अस्पताल की थकान और मानसिक स्थिति पर बात करते हुए कहा, 'पूरे दिन अस्पताल में गुजारने के बाद, पूरा शरीर थक जाता है। आपके दिमाग में कुछ भी सोचने समझने का वक्त ही नहीं बचता। आपके आस-पास की चीजें खुशनुमा रहनी चाहिए।'

# बांग्लादेश वर्सेस न्यूजीलैंड मैच में नाहिद राणा ने गेंद से बरपाया कहर, ऐसा करने वाले बने सिर्फ तीसरे खिलाड़ी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***न्यूजीलैंड की टीम इन दिनों व्हाइट बॉल सीरीज के लिए बांग्लादेश के दौरे पर है। इन दिनों दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है।***



सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने अपनी रफ्तार भरी गेंदबाजी से कहर बरपाया और पांच विकेट हॉल अपने नाम किए। उनके सामने कीवी टीम बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए। दूसरे वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम मात्र 198 रनों पर धराशायी हो गई।

## ऐसा करने वाले बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज बने नाहिद राणा..

नाहिद राणा वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 विकेट हॉल लेने वाले बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। वह रुबेल हुसैन (6/26) और आफ्ताब अहमद (5/31) जैसे गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस तेज गेंदबाज ने अब तक 3 मैचों में 20.00 की औसत और 4.82 की इकॉनमी रेट के साथ 7 विकेट अपने नाम किए हैं। यह कीवी टीम के खिलाफउनका पहला 5 विकेट हॉल है। सीरीज के पहले वनडे मैच में भी गेंद के साथ नाहिद राणा ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

## दूसरे वनडे में किन-किन बल्लेबाजों को नाहिद राणा ने भेजा पवेलियन..

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में नाहिद ने लगातार 2 ओवरों में हेनरी निकोल्स (13) और विल यंग (2) को आउट किया। उन्होंने मिडिल ऑर्डर में मुहम्मद अब्बास (19) का विकेट चटकाते हुए अहम साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद उन्होंने डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (15) और जेडन लेनोक्स (0) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने 10 ओवरों में 32 रन देते हुए 5 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने एक ओवर मेडन भी डाला। उनकी शानदार गेंदबाजी के बदौलत न्यूजीलैंड की टीम 48.4 ओवर में 198 रन पर सिमट गई।

## व्हाइट बॉल क्रिकेट में नाहिद राणा ने सभी को किया है प्रभावित..

नाहिद राणा अपनी रफ्तार भरी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह हर मैच में लगातार 140 किलोमीटर/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके सामने अच्छे-अच्छे बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखे हैं।

नाहिद राणा ने अपने वनडे करियर में 10 मैचों में 24.57 की औसत से और 5.13 की इकॉनमी रेट के साथ अब तक कुल 21 विकेट चटकाए हैं। इस बीच उन्होंने दो बार 5 विकेट हॉल पूरे किए हैं। न्यूजीलैंड के अलावा वह पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

# प्रणवी उर्स जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से यहां जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा।***

चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता। अगाथे, कर्स्टन और दक्षिण अफ्रीका की कसांड्रा एलेक्जेंडर नियमित खेल के बाद 19 अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर थीं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# राजस्थान की रिफाइनरी में आग से उदघाटन कार्यक्रम टला, जांच के आदेश

नयी दिल्ली (भाषा)।

***हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की 79,450 करोड़ रुपये की लागत वाली राजस्थान रिफाइनरी में सोमवार को आग लगने के***



बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों लोकार्पण का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, आग रिफाइनरी की मुख्य इकाई मानी जाने वाली कच्चे तेल की डिस्टिलेशन इकाई के पास लगी, जिससे काले धुएं के घने गुबार उठते देखे गए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है और मंगलवार को निर्धारित लोकार्पण कार्यक्रम की नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी।

इस रिफाइनरी का संचालन एक संयुक्त उद्यम एचआरआरएल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें एचपीसीएल की 74 प्रतिशत और राजस्थान सरकार की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

यह परियोजना बालोतरा जिले के पचपदरा में स्थित है और इसकी क्षमता 90 लाख टन प्रति वर्ष है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल ने एक पोस्ट में कहा कि प्रारंभिक जांच में हीट एक्सचेंजर सर्किट के एक वॉल्व या फ्लैंज से हाइड्रोकार्बन रिसाव को आग का संभावित कारण माना गया है। प्रभावित हिस्से को तुरंत अलग कर दिया गया और अन्य इकाइयों पर कोई असर नहीं पड़ा।


सरकारी बयान के मुताबिक, यह रिफाइनरी जुलाई, 2026 से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार की जा रही थी। यह देश की 24वीं रिफाइनरी होगी और पेट्रोरसायन उत्पादों के उत्पादन के जरिये ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। हालांकि, परियोजना में लगी आग के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका। इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस ने इस घटना को 'सुरक्षा में चूक' का संकेत बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी की सुरक्षा की कामना की। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस घटना को 'गंभीर और चिंताजनक' बताते हुए कार्यक्रम से पहले तैयारियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोजन की जल्दबाजी में सुरक्षा मानकों से समझौता किया गया और परियोजना के क्रियान्वयन में देरी भी हुई।

# पश्चिम एशिया संकटः सरकार ने ग्रामीण योजनाओं की समीक्षा की

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने ग्रामीण कल्याण और बुनियादी ढांचा कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की है। सरकार ने कहा है कि ग्रामीण रोजगार योजना मनरेगा निर्बाध रूप से जारी रहेगी और इसके लिए मजदूरी***




भुगतान को 17,744 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं और कीमतों पर संभावित प्रभाव को देखते हुए यह समीक्षा की गयी है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वह उन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है जिनका ग्रामीण आजीविका, आवास निर्माण, सड़क विकास और जलसंभरण गतिविधियों पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही लाभ की निरंतरता, समय पर कोष प्रवाह और योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा रहा है।

मंत्रालय ने कहा कि मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) योजना प्रस्तावित विकसित भारत-जी रामजी अधिनियम, 2025 के लागू होने तक पूरी तरह से चालू रहेगी और मजदूरी रोजगार में कोई बाधा नहीं आएगी।

मांग आधारित कार्य और समय पर मजदूरी भुगतान सहित सभी वैधानिक अधिकार बिना किसी कमी के जारी रहेंगे और मौजूदा मजदूरी दरें लागू रहेंगी।

प्रस्तावित विकसित भारत-जी रामजी अधिनियम के तहत रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और संशोधित मजदूरी दरों को अलग से अधिसूचित किया जाएगा।

विकसित भारत-जी राम जी के लिए विशिष्ट परिचालन दिशा-निर्देशों का मसौदा वर्तमान में तैयार किया जा रहा है। इन नियमों के आधिकारिक रूप से अधिसूचित होने तक, ग्रामीण परिवारों को उनके गारंटीकृत कार्य में कोई बाधा न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए मनरेगा पूरी तरह से प्रभावी रहेगी।

मंत्रालय ने ग्रामीण आवास के संबंध में कहा कि वह मार्च, 2029 तक 4.95 करोड़ घरों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लागू कर रहा है।

आपूर्ति में संभावित बाधा या मूल्य में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए समय पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, आवाससॉफ्ट के माध्यम से वास्तविक समय की निगरानी, जियो-टैगिंग और निर्माणाधीन घरों के निर्माण में तेजी लाने जैसे उपायों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत, सभी चरणों में स्वीकृत कार्यों के लिए या तो निविदाएं जारी की जा चुकी हैं या वे निष्पादन के अधीन हैं। मंत्रालय ने कहा कि वह उभरती चुनौतियों से निपटने और कार्यक्रमों के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अन्य विभागों के साथ समन्वय कर रहा है।

# वेदांता का कारोबार विभाजन एक मई से होगा प्रभावी..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लि. के निदेशक मंडल ने एल्युमीनियम, बिजली, तेल और गैस तथा लौह अयस्क इकाइयों को अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की प्रभावी तिथि एक मई, 2026 तय की है।***




कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने चल रही पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत, 20 अप्रैल, 2026 को हुई अपनी बैठक में, अन्य बातों के अलावा, इस योजना को एक मई, 2026 से प्रभावी बनाने की मंजूरी दी है।''

कंपनी ने यह भी बताया कि संबंधित अन्य इकाइयों से परामर्श करने के बाद, बोर्ड ने इकाइयों को अलग करने की योजना के तहत शेयर प्राप्त करने के लिए पात्र शेयरधारकों का निर्धारण करने को लेकर एक मई को रिकॉर्ड तिथि निर्धारित किया है। वेदांता ने एक बयान में कहा कि यह कदम कंपनी की कॉरपोरेट संरचना को क्षेत्र-केंद्रित स्वतंत्र कंपनियों के साथ सरल बनाने में मदद करेगा। साथ ही यह संप्रभु संपत्ति कोष, खुदरा निवेशकों और रणनीतिक निवेशकों सहित वैश्विक निवेशकों को वेदांता की विश्व स्तरीय संपत्तियों में प्रत्यक्ष निवेश के अवसर प्रदान करेगा।

कारोबार को अलग करने की योजना के तहत, वेदांता चार अलग-अलग कंपनियों... वेदांता एल्युमिनियम मेटल लि. (वीएएमएल), तलवंडी साबो पावर लि. (टीएसपीएल), माल्को एनर्जी लिमिटेड (एमईएल) और वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड (वीआईएसएल)... को अलग-अलग सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है।

शेयर बाजार को दी गयी सूचना के अनुसार, योजना के तहत, वेदांता के शेयरधारकों को चारों कंपनियों में 1:1 के अनुपात में इक्विटी शेयर प्राप्त होंगे। वेदांता ने भारत एल्युमिनियम कंपनी लि. (बाल्को) में अपनी शेयरधारिता को वेदांता एल्युमिनियम मेटल लि. को हस्तांतरित करने को भी मंजूरी दे दी है।

कारोबार को अलग करने के परिणामस्वरूप एल्युमीनियम, बिजली, तेल एवं गैस, तथा लौह एवं इस्पात क्षेत्रों में चार स्वतंत्र, क्षेत्र केंद्रित इकाइयां अस्तित्व में आएंगी।

तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और माल्को एनर्जी लिमिटेड का नाम बदलकर क्रमशः वेदांता पावर और वेदांता ऑयल एंड गैस कर दिया जाएगा।

कंपनी के अनुसार, विभिन्न कारोबार को अलग-अलग करने से संचालन पर ध्यान बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही यह कारोबार के सुगम संचालन में कारगर साबित होगा।

वेदांता लिमिटेड ने पहले कहा था कि उसने विभिन्न कारोबार को अलग-अलग करने की प्रस्तावित समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी है। इसका कारण कुछ सरकारी प्राधिकरणों से मंजूरी अभी भी लंबित हैं और उन पर प्रक्रिया चल रही है। अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाली कंपनी ने पहले कारोबार को अलग करने के प्रस्ताव की मूल समय सीमा 31 मार्च, 2025 से बढ़ाकर 30 सितंबर, 2025 और फिर 31 मार्च, 2026 कर दी थी।

# मुख्य सचिव ने 'एसएएससीआई' योजना के लिए विभागों को शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया..

पटना, (भाषा)।

***बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को 'राज्य पूंजीगत निवेश विशेष सहायता योजना' (एसएएससीआई) 2026-27 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।***



मुख्य सचिव ने सभी विभागों को इस योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने और शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

बैठक में वित्त विभाग ने योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने वर्ष 2026-27 के लिए सभी राज्यों को कुल दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसके तहत राज्यों को 50 साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि उच्च गुणक प्रभाव वाले पूंजीगत कार्यों के माध्यम से अर्थव्यवस्था की भविष्य की उत्पादक क्षमता को मजबूत किया जा सके।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि यूनिटी मॉल का निर्माण, पुलिस आवास, कामकाजी महिला छात्रावास तथा प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का वैश्विक स्तर पर विकास भी योजना की प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को इस योजना को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और ब्रांडिंग नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक उपयोग की गई राशि का समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रपत्र 12-बी में पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से समय पर जमा किया जाए।

उन्होंने एकल नोडल एजेंसी के बैंक खातों में जमा ब्याज राशि को भारत की संचित निधि में जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का भी निर्देश दिया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग ने योजना की प्रभावी निगरानी के लिए विशेष निर्देश जारी करते हुए कहा कि इसकी नियमित समीक्षा बैठक वित्त विभाग के विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। वहीं योजना की उच्च स्तरीय प्रगति की पाक्षिक समीक्षा स्वयं अपर मुख्य सचिव करेंगे।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को आगामी वित्त वर्ष के लिए अपने पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन कर परियोजना प्रस्तावों को शीघ्र अंतिम रूप देने का निर्देश दिया, ताकि राज्य को इस विशेष सहायता योजना का अधिकतम लाभ मिल सके।

# जेपी एसोसिएट्स के लिए सफल बोलीदाता की चयन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष थीः एनसीएलएटी में सीओसी

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण से जुड़े मामले में ऋणदाताओं ने सोमवार को एनसीएलएटी से कहा कि सफल बोलीदाता के चयन की प्रक्रिया 'निष्पक्ष' और 'पारदर्शी' ढंग से अंजाम दी गई***




और किसी भी प्रतिभागी को फायदा पहुंचाने के लिए नियम नहीं बनाए गए। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) की तरफसे पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि बोली और मूल्यांकन स्वीकृत ढांचे के अनुरूप किए गए।

मेहता ने कहा कि जहां वेदांता लिमिटेड को शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के आधार पर सबसे अधिक अंक मिले, वहीं कुल मूल्यांकन में अदाणी एंटरप्राइजेज शीर्ष पर रही।

ऋणदाताओं की समिति ने वेदांता के संशोधित बोली प्रस्ताव को खारिज करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि इसे स्वीकार करने पर समूची बोली प्रक्रिया दोबारा करनी पड़ती जिससे कर्ज समाधान में विलंब आता।

मेहता ने कहा, ÷बोली स्वीकार करने से जुड़ी निर्णय प्रक्रिया में कोई कमी नहीं है और यह वाणिज्यिक समझदारी पर आधारित है, जिस पर अपीलीय समीक्षा सीमित है।÷

उन्होंने यह भी कहा कि कोई प्रतिभागी सिर्फ यह कहकर प्रक्रिया को चुनौती नहीं दे सकता कि वह अधिक राशि देने को तैयार है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि बाद में प्रस्ताव बढ़ाने से दिवालिया प्रक्रिया की पवित्रता प्रभावित होती है।

वेदांता ने एनसीएलएटी के समक्ष दायर अपनी याचिकाओं में कहा है कि उसका संशोधित प्रस्ताव अदाणी एंटरप्राइजेज के मुकाबले सकल मूल्य के आधार पर करीब 3,400 करोड़ रुपये और एनपीवी के आधार पर लगभग 500 करोड़ रुपये अधिक है।

मेहता ने बताया कि वेदांता ने आठ नवंबर, 2025 को अपना संशोधित बोली प्रस्ताव दाखिल किया था जबकि चुनौती प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। कंपनी ने अपने प्रस्ताव में 180 दिन के भीतर 400 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश का प्रस्ताव दिया था, जिसे संशोधित कर 800 करोड़ रुपये कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि दिवाला समाधान पेशेवर (आरपी) और उसके कानूनी सलाहकारों ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर संशोधित बोली दाखिल करना प्रक्रियागत नियमों का उल्लंघन है। इंडिया डेब्ट रिजॉल्यूशन कंपनी लिमिटेड ने भी इस पर कानूनी राय मांगी थी और सीओसी के अन्य सदस्यों ने इसे सभी आवेदकों के लिए समान अवसर के सिद्धांत के खिलाफबताया।

वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन रेड्डी ने कहा कि मूल्यांकन 'मैट्रिक्स' पहले से ही समाधान योजना के आवेदन (आरएफआरपी) में स्पष्ट था और बोलीदाताओं को प्रक्रिया की पूरी जानकारी थी। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों में स्पष्ट उल्लेख था कि अंतिम वित्तीय प्रस्ताव में कोई बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सीओसी की तरफसे दलीलें पूरी हो जाने के बाद न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली एनसीएलएटी की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी। अदाणी एंटरप्राइजेज की तरफसे मंगलवार को पक्ष रखा जाएगा।

वेदांता लिमिटेड ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की इलाहाबाद पीठ के 17 मार्च के उस आदेश को चुनौती देते हुए दो याचिकाएं दायर की हैं, जिसमें जेएएल के अधिग्रहण के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज की तरफ से लगाई गई 14,535 करोड़ रुपये की बोली को मंजूरी दे दी थी।

# पश्चिम एशिया संकट से भारत के व्यापार, वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिमः नीति रिपोर्ट

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***नीति आयोग ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ने और विनिमय दर पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापार और वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिम है।***




आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए 'ट्रेड वॉच' रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता ने भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे व्यापार विविधीकरण और बाजार पहुंच प्रभावित हुई है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, ''यह स्पष्ट होना चाहिए कि एफटीए एकतरफा नहीं होते और न ही होने चाहिए। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस तरह हम इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देख रहे हैं, उसी तरह अन्य लोग भी इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देखते हैं।''

बेरी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी भारत का वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है और तमाम आशंकाओं के बावजूद, 2025 जैसे बेहद अनिश्चित वर्ष में भी सेवा व्यापार विशेष रूप से मजबूत रहा है।

उन्होंने कहा, ''व्यापार अर्थशास्त्रियों के लिए, निर्यात की तुलना में आयात कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।'' बेरी ने कहा, ''आयात ही हमें प्रतिस्पर्धी बनने के लिए बाध्य करते हैं, इसलिए हमें बाजार पहुंच के साथ-साथ आयात का भी स्वागत करना चाहिए।'' नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा पिछले 20 साल में भारत ने औसतन छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इसकी वृहद आर्थिक स्थिरता को दर्शाता है।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को मध्यम मूल्य से उच्च मूल्य के निर्यात की ओर बढ़ना चाहिए। डिजाइन-आधारित विनिर्माण, संकुल अनुसंधान एवं विकास और हल्के, फैशन और पुरुषों के आभूषणों को लक्षित करते हुए भौगोलिक संकेतक (जीआई)-ब्रांड वाले उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, ''भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को कारोबार सुगमता और कच्चे माल की उपलब्धता को मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप मजबूत करना चाहिए, शुल्क वापसी/रिफंड को सुव्यवस्थित करना और कच्चे माल की आपूर्ति में सुधार करना चाहिए ताकि कच्चे माल की लागत कम हो और एमएसएमई का लाभ बढ़े।''

रिपोर्ट में वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और पूंजी की लागत को कम करने का भी सुझाव दिया गया है। इसके तहत एमएसएमई के लिए बिना गारंटी कर्ज, क्रेडिट गारंटी, ब्याज सब्सिडी और आपूर्ति श्रृंखला वित्त का सुझाव दिया गया है। इसमें कारोबार सुगमता और डेटा प्रणाली में सुधार करने की भी बात कही गयी है। इसके तहत सीमा शुल्क/डीजीएफटी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पुनर्आयात/निर्यात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और साक्ष्य-आधारित नीति और निगरानी के लिए अलग-अलग रत्न एवं आभूषण आंकड़े तैयार किये जाने चाहिए।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# उधमपुर में पहाड़ी से नीचे गिरी बस, 21 लोगों की मौत और 51 घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को खचाखच भरी एक यात्री बस पहाड़ी से लगभग 100 मीटर नीचे गिर गई। इस दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 51 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।*

अधिकारियों ने बताया कि नीचे गिरने से पहले बस ने एक अन्य सड़क पर एक ऑटो-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि यह हादसा पूर्वाह्न करीब 10 बजे रामनगर क्षेत्र में एक तीव्र मोड़ पर उस वक्त हुआ, जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि बस में 65 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि बस का ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया और यह (बस) लोहे के कबाड़ में तब्दील हो गयी, जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, 'रामनगर से उधमपुर जा रही चालक ने पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण दिया और बस पलटकर नीचे एक अन्य सड़क पर आ गई, जहां एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया, जबकि चार ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया।'

अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई। मृतकों में तिलो राम, प्रेमनाथ, करतार चंद, सोम राज, रामचंद, गीता देवी, रोमल सिंह, शारदा देवी, सन्नी, विशाली देवी, पुष्प राज, रामोलो राम, गुलाबो देवी, जालम सिंह, केसर सिंह, कांता देवी और अनीता देवी शामिल हैं। ये सभी रामनगर के निवासी हैं। शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। बाद में हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी फोन पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उधमपुर से रामनगर जा रहे एक सैन्य काफिले का नेतृत्व कर रहे एक जवान ने बताया कि बस को पहाड़ी से नीचे लुढ़कते देख उन्होंने तुरंत कार्रवाई की।

उसने कहा, 'मैं काफिले का नेतृत्व कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वाहन करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिरा। हमने तुरंत क्षेत्र की घेराबंदी कर बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत से यात्रियों को निकाला।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में हुए बस हादसे में कई लोगों की मृत्यु की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। मैं दुखद घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना में हुई लोगों की मौत के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं



घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को पीएमएनआरएफ की ओर से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।' उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'उधमपुर में हुआ यह दुखद सड़क हादसा दिल दहला देने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ईश्वर उन्हें संबल प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।' सिन्हा ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।'

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'उधमपुर-रामनगर बस हादसे से बेहद दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।' जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने भी दुख जताते हुए अधिकारियों से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत, समुचित चिकित्सा सुविधा और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दुर्घटना के बाद उधमपुर के उपायुक्त मिंगा शेरपा से बात की और कहा कि गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'रामनगर से उधमपुर जा रही एक बस संबंधी दुखद सड़क हादसे की जानकारी मिलने पर मैंने अभी-अभी उधमपुर के उपायुक्त मिंगा शेरपा से बात की।' उन्होंने कहा, 'तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया है। काफी लोगों के हताहत होने की आशंका है। हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। घायलों को चिकित्सा सहायता के लिए अस्पताल ले जाया जाएगा। गंभीर रूप से घायलों को हवाई मार्ग से ले जाने की व्यवस्था की जा रही है।'

सिंह ने कहा कि वह स्थानीय प्रशासन और बचाव अभियान में शामिल भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं की टीम के साथ लगातार संपर्क में हैं।

# सीलमपुर में बुजुर्ग व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में सोमवार को एक बुजुर्ग शख्स की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने उसपर इसलिए हमला किया*



क्योंकि पीड़ित उसे पुराने विवाद के कारण घूर रहा था। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि चाकू के वार से घायल एक व्यक्ति को जग प्रवेश चंद (जेपीसी) अस्पताल ले लाया गया है। पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां घायल व्यक्ति इस्माइल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि इस्माइल अपने घर के पास मोहम्मद इरशाद के साथ बैठा था, तभी आरोपी दानिश वहां से गुजरा जिसके साथ उसका पहले से विवाद था।

उन्होंने बताया कि पीड़ित द्वारा घूरे जाने पर दानिश चिढ़ गया और इस्माइल को गाली देने लगा, जिससे दोनों के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस ने बताया कि बहस के दौरान शाहिद अली मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उन्हें मुक्के मारे जिससे उनकी आंख में चोट आई। अधिकारी ने बताया, 'हालात तब और बिगड़ गए जब आरोपी ने कथित रूप से इस्माइल पर चाकू से हमला कर दिया और उसकी छाती, पेट और सिर पर कई जगह वार किए।' इसी बीच, अपने पिता पर हुए हमले के बारे में सुनकर जफर उर्फ जीशान और फैजान (इस्माइल के दोनों बेटे) बदला लेने के इरादे से वहां पहुंच गए।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद हाथापाई हुई और इस दौरान जफर उर्फ जीशान और फैजान ने दानिश और उसके परिवार के सदस्यों पर हमला किया, जिसमें दानिश को सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि घायल दानिश को जेपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और जफर और फैजान के खिलाफ अलग मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि अपराध जांच दल और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाया गया और उन्होंने सबूत एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम का पता लगाने और गवाहों के बयानों की पुष्टि करने के लिए आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# काठगोदाम में बस ने पांच वर्षीय बच्ची को टक्कर मारी, मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तराखंड के नैनीताल जिले में सोमवार को एक बस ने पांच वर्षीय एक बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।*



पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बस पर पथराव कर वाहन के शीशे तोड़ दिए। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा काठगोदाम क्षेत्र में भीमताल-हल्द्वानी मार्ग पर रानीबाग के पास उस समय हुआ, जब अपनी दो अन्य साथियों के साथ आंगनबाड़ी केंद्र से लौट रही कनक को उत्तराखंड रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गयी।

पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय कनक के साथ मौजूद दो अन्य बच्चे सुरक्षित बच गए। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब बस ने कनक को टक्कर मारी, उस समय वह सड़क पार करने के लिए किनारे पर खड़ी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि टक्कर के बाद भी बस चालक ने वाहन नहीं रोका और कनक को कुछ दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बस पर पथराव कर वाहन के शीशे तोड़ दिए।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। काठगोदाम क्षेत्र के थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है लेकिन प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बस चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि बस चालक को हिरासत में ले लिया गया।

# लुइसियाना में घरेलू झगड़े में भीषण गोलीबारी, 8 बच्चों की मौत, 1 से 14 साल तक थी उम्र..




डेस्क जगप्रेरणा।

*लुइसियाना से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक घरेलू झगड़े ने इतना हिंसक रूप धारण कर लिया कि फायरिंग में 8 बच्चों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस घटना को घरेलू झगड़े की वजह से अंजाम दिया गया है।*

## क्या है पूरा मामला?

अधिकारियों ने बताया कि घरेलू झगड़े में हुई फायरिंग में 8 लोगों की मौत हुई है। मृतकों की उम्र 1 से 14 साल के बीच थी। श्रेवेपोर्ट पुलिस प्रमुख वेन स्मिथ के अनुसार, गोलीबारी रविवार सुबह करीब 6 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि इस घटना में कुल 10 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि घटना के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## संदिग्ध हमलावर भी मारा गया..

स्मिथ के मुताबिक, इस घटना में हमलावर का पीछा किया गया और पुलिस ने उसको गोली मारी। इस गोलीबारी में हमलावर की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर ने एक वाहन को छीनकर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस उसका पीछा करती रही। वाहन का पीछा करते समय पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें हमलावर की मौत हो गई।

लुइसियाना राज्य पुलिस इस गोलीबारी की जांच कर रही है। राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा, 'जांचकर्ता घटनास्थल का मुआयना कर रहे हैं और आगे की जानकारी जुटा रहे हैं।' राज्य पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई भी अधिकारी घायल नहीं हुआ।कांग्रेस में श्रेवेपोर्ट क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जॉनसन ने कहा, 'इस बेहद कठिन समय में हम पीड़ितों, उनके परिवारों और प्रियजनों, और अपने श्रेवेपोर्ट समुदाय को अपनी प्रार्थनाओं और विचारों में याद कर रहे हैं।' इस घटना पर मेयर टॉम आर्सेनेक्स ने कहा, 'यह एक दुखद स्थिति है, शायद श्रेवेपोर्ट में अब तक की सबसे बुरी दुखद स्थिति है।'

श्रेवेपोर्ट पुलिस प्रमुख वेन स्मिथ ने कहा, 'मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं? मेरा दिल स्तब्ध है। मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि ऐसी घटना कैसे हो सकती है।'

# अदालत ने गुमला की लापता लड़की का पता लगाने के लिए सरकार को 14 दिन की मोहलत दी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*झारखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को राज्य सरकार को गुमला से लापता नाबालिग लड़की के ठिकाने के बारे में जानकारी देने के लिए दो सप्ताह की समय सीमा तय की*




और चेतावनी दी कि यदि कोई ठोस प्रगति नहीं हुई तो मामला सीबीआई को सौंपा जा सकता है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ चंद्रमुनि उरैन द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिनकी छह वर्षीय बेटी सितंबर 2018 से लापता है। अदालत ने पाया कि सात साल की जांच के बावजूद पुलिस पीड़ित का पता लगाने में असमर्थ रही है और उसने गुमला के पुलिस अधीक्षक से जांच की वर्तमान स्थिति के बारे में सवाल किया और जांच की 'धीमी गति' पर चिंता व्यक्त की। इससे पहले, अदालत को सूचित किया गया था कि लड़की को खोजने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था, जो उसे ढूंढने के लिए दिल्ली गया था। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद एसआईटी अभी तक पीड़िता का पता नहीं लगा पाई है। पुलिस ने पीड़िता की तस्वीरें विभिन्न पोर्टलों पर प्रसारित और अपलोड कीं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अदालत को यह भी बताया गया कि जांच के दौरान पुलिस राज्य के विभिन्न हिस्सों से लापता नौ अन्य बच्चों को ढूंढने में सफल रही। बोकारो से लापता एक लड़की से संबंधित एक अन्य मामले में, उच्च न्यायालय ने सरकार और पुलिस को पीड़िता का पता लगाने के लिए सख्त आदेश जारी किए हैं।

# जापान में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तरी जापान के तटीय क्षेत्र के पास 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थिति को देखते हुए सुनामी का अलर्ट जारी किया है।*



एजेंसी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर 53 मिनट पर आए इस भूकंप का केंद्र उत्तरी जापान के सनरिकु तट के पास समुद्र की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था।

एजेंसी के अनुसार, कुजी बंदरगाह पर करीब 80 सेंटीमीटर (2.6 फुट) ऊंची लहरे उठीं, जबकि इसी प्रांत के एक अन्य बंदरगाह पर लगभग 40 सेंटीमीटर (1.3 फुट) ऊंची लहर दर्ज की गई। इसने चेतावनी जारी करते हुए क्षेत्र के लोगों से तत्काल समुद्र तटों और नदियों के किनारों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर, विशेषकर ऊंचाई वाले इलाकों में शरण लेने की अपील की है। साथ ही अलर्ट जारी करके कहा कि आने वाले लगभग एक सप्ताह तक भूकंप के बाद का प्रभाव बना रह सकता है, ऐसे में लोग सतर्क रहें। इवाते प्रांत में प्रशासन ने 11 कस्बों के लोगों को एहतियातन घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में अधिकतम तीन मीटर (करीब 10 फुट) ऊंची सुनामी लहरें उठ सकती हैं। इवाते और उत्तर में स्थित आओमोरी तथा दक्षिण-पूर्वी होक्काइडो में सुनामी चेतावनी जारी की गई है।

# बहुमंजिला इमारत से कूदकर दिल्ली उच्च न्यायालय के वकील ने आत्महत्या की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में स्थित एक होटल की 15वीं मंजिल से कथित तौर पर कूद कर 26 वर्षीय वकील ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।*



पुलिस को रॉयल प्लाजा होटल में हुई इस घटना की सूचना रविवार रात करीब सवा नौ बजे दी गई। मृतक की पहचान दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश सिंह के रूप में हुई है, जो उसी दिन शाम में होटल में ठहरने आया था। पुलिस के एक बयान के मुताबिक, पुलिस दल ने होटल पहुंच कर पाया कि महावीर एनक्लेव निवासी सिंह ने इमारत की 15वीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी थी। इसमें कहा गया है कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है तथा परिजनों के बयान के अनुसार इस मामले में किसी साजिश का शक नहीं है। पुलिस के मुताबिक, मृतक कमरे में अकेला ठहरा हुआ था। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद उसे तुरंत लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल की जांच के लिए अपराध दल और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के दल बुलाए गए। साक्ष्य इकट्ठा किए गए तथा होटल परिसर में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें वकील ने किसी को दोषी नहीं ठहराया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़ित कुछ मुद्दों को लेकर अवसाद में था। मामले की आगे की जांच जारी है। संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226

# पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा कामठा में किया गया सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन..

**सभी धर्मों-जातीयों के एक मंच पर आने से कायम होती है सामाजिक एकता - बोले पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल..**

**पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नानाभाऊ पटोले, सांसद पटोले, सांसद किरसान संहित जिले के सर्वपक्षीय नेतागण रहे उपस्थित..**









जगप्रेरणा गोंदिया।

*आज का यह सर्वधर्म सामुहिक विवाह का पावन अवसर हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। सामूहिक विवाह केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नही, बल्कि यह समाज में समानता, सहयोग और संस्कारों का अद्‌भुत उदाहरण है।*

विवाह हमारे भारतीय संस्कारों में एक पवित्र बंधन माना जाता है, जो दो आत्माओं को ही नही, बल्कि दो परिवारों को भी जोडता है। आज यहां उपस्थित सभी नवविवाहित जोडों को मैं दिल से शुभकामनाएँ देता हूँ कि उनका वैवाहिक जीवन प्रेम, विश्वास और आपसी समझ से परिपूर्ण हो। आप सभी एक-दुसरे के साथी बनकर हर सुख-दुख में साथ निभाएँ और अपने जीवन को सफल और सुखमय बनाएं। ऐसे आयोजन समाज और हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और हमें आगे भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यो को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसे उद्गार ग्राम कामठा में सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह के आयोजक पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने समारोह में व्यक्त किये।उन्होने आगे कहा कि, एक आयोजक के रुप में, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यह आयोजन केवल एक दिन का कार्यक्रम नही है, बल्कि समाज में बदलाव की एक नई शुरुआत है। अगर हम सब मिलकर ऐसे प्रयास करते रहेंगे, तो निश्चित रुप से हम एक सशक्त, समान और संस्कारित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

मैं इस आयोजन से जुडे सभी सहयोगियों कार्यकर्ताओं का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनकी मेहनत और समर्पण से यह संभव हो पाया। जब समाज साथ चलता है, तभी विकास की राह आसान होती है। आज का यह पावन अवसर मेरे लिए केवल एक सार्वजनिक कार्यक्रम नही, बल्कि एक व्यक्तिगत संतोष और गर्व का क्षण है। एक आयोजक के रुप में, और समाज का सेवक होने के नाते, मुझे अत्यंत खुशी है कि हम सब मिलकर इस सामुहिक विवाह समारोह को सफल बना पाए है।

## बोले नाना पटोले..

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आमदार नानाभाऊ पटोले ने कहा कि, आज इस पावन अवसर पर यहां उपस्थित होकर मुझे अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। सामुहिक विवाह समारोह केवल एक आयोजन नही है, बल्कि यह गोपालदासजी अग्रवाल के प्रयत्नों से यहां हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार और हमारे समाज की एकता का जीवंत उदाहरण है।

हमारे देश में विवाह एक पवित्र संस्कार माना जाता है, लेकिन समय के साथ यह परंपरा कहीं न कहीं दिखावे और खर्चीलेपन की ओर बढ रही है। ऐसे में गोपालदासजी अग्रवाल द्वारा चुनावी पराजय और किसी पद पर न रहते हुए भी यह सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन, समाज को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। जहां सादगी है, समानता है और समाज के हर वर्ग के लिए सम्मान है।

## बोले सांसद प्रशांत पडोले..

सांसद डॉ. प्रशांत पडोले ने कहा कि, इस भव्य आयोजन के लिए क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक गोपालदास जी अग्रवाल का वे अभिनंदन करते है और विशेष रुप से उन सभी माता-पिता को नमन करते है, जिन्होने इस पहल को अपनाकर एक सकारात्मक संदेश दिया है कि, बेटी का सम्मान और संस्कार, दिखावे से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। जहां संस्कार होते है, वहीं सशक्त समाज का निर्माण होता है।

## बोले सांसद किरसान..

गड़चिरोली-आमगांव के सांसद डॉ.नामदेवराव किरसान ने कहा कि, पुर्व विधायक गोपालदास जी अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस पारम्परीक सर्वधर्म सामुहिक विवाह का आयोजन निश्चित रुप से अविस्मरणीय अनुभव है, जहां सैकडो परिवार विवाह में होनेवाले फिजुल खर्ची से बचे, वहीं पारम्परीक लावणी केमाध्यम से नागरीकों को लोककला के सजीव दर्शन हो रहे है। गोपालदासजी अग्रवाल की सर्वधर्म समभाव कि इस नीति से ही गोंदिया विधानसभा क्षेत्र का विकास संभव हुआ है और निश्चित रुप से भविष्य में वे गोंदिया जिले के लिए ऐसे ही रचनात्मक आयोजन करते रहेंगे, इसका मुझे पुरा विश्वास है।

## बोले विधायक अभिजीत वंजारी..

विधायक अभिजीत वंजारी ने कहा कि, उन्हें प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से संपन्न हुए इस अद्वितीय सामुहिक विवाह समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसके लिए वे पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के आभारी रहेंगे। इतना सुंदर आयोजन वास्तव में न केवल समाज हित के लिए अपितु उन सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी है, जो इतने महंगे खर्च को वहन करने के लिए असमर्थ है। उन्होंने नवयुगलों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

## बोले पूर्व विधायक कोरोटे..

पूर्व विधायक सहेसराम कोराटे ने कहा कि, आमगांव विधानसभा क्षेत्र और गोंदिया विधानसभा क्षेत्र की सिमाएं जुडी हुई है। गोपालदासजी अग्रवाल के साथ गत अनेक वर्षों से वे कार्य कर रहे है और गोपालदासजी अग्रवाल की जुझारु कार्यशैली और आम नागरीक के विकास के लिये उनके प्रयत्नों को देखते हुए वे हमेशा ईश्वर और आज मंच के माध्यम से क्षेत्र के नागरीकों से प्रार्थना करते है कि, वे गोपालदासजी को ऐसे ही सामाजिक कार्य करने की शक्ती प्रदान करें।

## बोले हेमंतभाऊ पटले..

पूर्व विधायक तथा पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष हेमंतभाऊ पटले ने कहा कि राजनिती के क्षेत्र में कार्य कर रहे नेताओं को समाज के दायित्व का निर्वाह करना भी आवश्यक है और मुझे खुशी है कि, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने जिले में सर्वधर्म सामुहिक विवाह की यहां परम्परा न सिर्फकायम रखी, बल्की इसे भव्य रुप देकर गोंदिया विधानसभा का नाम रोशन किया है।

## बोले विशाल अग्रवाल..

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने कहा कि पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के मागदर्शन में प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से जिले में अनेक लोकहित के कार्य किये जा रहे है और पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की संकल्पना अनुसार भविष्य में इस सर्वधर्म सामुहिक विवाह की परम्परा को कायम रखा जायेगा। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अपूर्व अग्रवाल ने किया वहीं आभार प्रदर्शन प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव प्रफुल अग्रवाल द्वारा किया गया।

## यह रहे मंचासीन..

इस अवसर पर श्रीमती उमादेवी गोपादास अग्रवाल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आमदार नानाभाऊ पटोले, भंडारा-गोंदिया जिले के सांसद डॉ.प्रशांत पटोले, गडचिरोली जिले के सांसद डॉ.नामदेवराव किरसान, पूर्व सांसद मधुकर कुकडे, विधायक अभिजीत वंजारी, पुर्व विधायक हेमंतभाऊ पटले, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुर्व विधायक दिलीपभाऊ बन्सोड, बालाघाट जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार, पूर्व विधायक सहेसराम कोरोटे, गोंदिया नप अध्यक्ष सचिन शेंडे, सालेकसा नप अध्यक्ष फुंडे, गोरेगांव नप अध्यक्ष तेजरामभाऊ बिसेन, जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष राधेलाल पटले, पुर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुरुषोत्तम बाबा कटरे, लहरी आश्रम के तुकड्याबाबा खरकाटे, पूर्व जिप अध्यक्ष उषाताई मेंढे, पूर्व जिप अध्यक्ष नेतरामभाऊ कटरे, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदना काळे, पार्षद अशोक गप्पू गुप्ता, राकेश ठाकुर, रुपेश नशीने, शकील मंसूरी, अमर रंगारी, चंद्रकुमार चुटे, सुनिल भालेराव, विजय रगडे, तिरोडा कृउबास पूर्व सभापती वाय.टी. कटरे, कृउबास उपसभापती राजकुमार पप्पू पटले, जि.प. सदस्य विमल बबलू कटरे, छायाबाई नागपूरे, जितेन्द्र कटरे, लक्ष्मीबाई तरोने, बंशीधरजी अग्रवाल, पूर्व जिप सदस्य कुंदन कटारे, पूर्व जिप सभापती संजय दोनोडे, पूर्व जिप सभापती धन्नालाल नागरिकर, विजयभाऊ बहेकार, पूर्व पस सदस्य भास्करभाऊ रहांगडाले, गोरेगांव शहर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश येरोला, गेंदलालभाऊ शरणागत, मनोज पटनायक, अजय गौर सर, पूर्व पस सदस्य नंदूभाऊ बिसेन, जिप सदस्य रितेश मलघाम, विजय उके, व्यंकट पाथरु, झामसिंगभाऊ बघेले, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, पुर्व पस सभापती प्रकाश रहमतकर, अशोक लंजे, तालुका भाजपा अध्यक्ष धनलाल ठाकरे, पुर्व जिप सभापती पी.जी.कटरे, जिप सदस्य भाऊलाल तरोणे, अजय गौर, डॉ.तेजराम येडे, रेल्वे समिति सदस्य जसपालसिंग चावला, केशव तावाडे, लक्ष्मण तावाडे, टिकारामभाऊ भाजीपाले, पुर्व जि.प.सदस्य विजय लोणारे, उपसरपंच सावलरामभाऊ महारवाडे, सुशील खरकाटे, मिर्जा जमील बेग, पुर्व पस उपसभापति मनीष मेश्राम सहित अनेक गणमान्य अतिथी मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, सौ.उमादेवी अग्रवाल एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर, गणेश वंदना के साथ संपन्न हुआ। पधारे हुए सभी अतिथीयों का स्वागत प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष विशाल अग्रवाल व सचिव प्रफुल अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिप सदस्य किशोर महारवाडे, पुर्व पं.स. सदस्य हरिचंद कावळे, पुर्व जि.प.सदस्य विठोबा लिल्हारे, पुर्व पस सदस्य निता पटले, प्रमिला करचाल, प्रकाश डहाट, पुर्व पं.स.उपसभापती चमन बिसेन, सारंग बंटी भेलावे, इंद्रानी धावडे, लक्ष्मण तावाडे, डेलीराम हुमे, डॉ. गिरीपुंजे, हुकुमचंद नागपूरे, कामठा के उपसरपंच सावलरामभाऊ महारवाडे, संजय अग्रवाल, संतोष हनवते, श्रीमती बिरनवार, अर्जुन नागपूरे, जगदीश अग्रवाल, देवेन्द्र मानकर, लक्ष्मीबाई रहांगडाले, जगदीश येरोला, पूर्व पं.स. सदस्य कौशल्या बोपचे, लोकचंद दंदरे, फत्तेचंद शेंडे, विद्याताई भालाधरे, रामेश्वर हरिणखेडे, दिगम्बर बघेले, बाबुलाल पटले, रामेश्वरीबाई सुलाखे, जगतराय बिसेन, वाय. पी. रहांगडाले, संगीता अरुण ठाकरे, महेशभाई माधवानी, गुड्डू ठाकूर, अशोक लिचडे, अरुणकुमार दुबे, अशोक ईटानकर, पूर्व पं.स. सभापती स्नेहा गौतम, पूर्व उपसभापती ओमप्रकाश भक्तवर्ती, लोकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र खरकाटे, देवेन्द्रबाबू अग्रवाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हुकुमचंद नागपूरे, रमन लिल्हारे, संतोषसिंग घरसेले, लक्ष्मण तावाडे, कैलाश अग्रवाल, भुवन सोलंकी, मुन्ना खरकाटे, गुड्डू भाजीपाले, राधो आसोले, महेन्द्र गेडाम, भुपेन्द्र बोहरे, योगराज राजे, मनोहर भावे, वुं!वर हरिणखेड़े, जगदिश पारधी, इंदुताई वंजारी, नत्थुजी शेंडे, रामकिशोर नैकाने, बाबा सुलाखे, चेतन नागपुरे, गिरधारी बघेले, योगराम ठाकरे, दिलीप गिरी, मारोती दरोई, मुन्ना मेश्राम, ज्ञानीराम जगणे सहित बड़ी संख्या में नागरीकों ने उपस्थिती दर्ज करायी।कार्यक्रम के अंतिम पडाव में सभी युगलों को पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की ओर से उपहार स्वरुप सोने का मंगलसुत्र, 4 सदस्यों के लिए बर्तन सेट, मिक्सर ग्राईडर, टेबल पंखा, सुटकेस आदि उपहार स्वरुप भेंट किया गया।

## हिन्दु एवं बौद्ध पद्धति से संपन्न हुआ विवाह, पुणे की लावणी ने बांधा समां..

कामठा में सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह में नवयुगलों के विवाह की रस्म उनके जाति-धर्म की मान्यताओं के अनुसार पूर्ण करायी गई। स्वागत समारोह की औपचारिकता के बाद आयोजन स्थल शहनाईयों, ढोल नगाडों, तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। पुणे की नृत्यांगना टीम के लावणी नृत्य के कार्यक्रम ने समारोह की शान बढ़ा दी। बौध्द युगलो का विवाह भन्ते भदन्त बुध्दकिर्तीजी द्वारा बौध्द रीतिरिवाज से संपन्न कराया गया। युगलों ने एक-दुसरे को पुष्पमाला पहना कर एक दूसरे का वरण किया। इसके बाद मंगलाष्टक का उच्चारण कर हिंदू रीतिरिवाज से श्री चुटेजी द्वारा नवयुगलों की विवाह रस्म अदायगी की गई। पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल सहीत मान्यवरों की उपस्थिती में हजारों की संख्या में नागरिक समारोह के साक्षी बने और मंगलाचरण पूर्ण होते ही नवयुगलों पर पुष्प और अक्षत की वर्षा की। परिसर में हो रहे भव्य सामुहिक विवाह समारोह की भव्यता को देखने के लिए भारी जनसैलाब उमड़ा, यह विशेष उल्लेखनीय है ।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



जगप्रेरणा आमगांव।

***सकल ब्राम्हण समाज आमगांव की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर राजस्थानी भवन आमगांव में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।***

18 अप्रैल को शाम 6 बजे से महिलाओं एवं बच्चों के लिए विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्पर्धा के विजेताओं को तत्काल पुरस्कृत भी किया गया। 19 अप्रैल को सुबह 10 बजे भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के पुरूष-महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। उद्‌बोधन कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष नरेंद्र बाजपेयी ने की। अतिथि के रूप में शंभुदयाल अग्रीका, छगनलाल व्यास, कुंजबिहारी शर्मा, संतोष शर्मा, अनिल शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाजबंधुओं से आपसी मतभेद भूलाकर एकजुट होकर समाज की प्रगती के लिए कार्य करने का आव्हान किया। 11 बजे से महिलाओं द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। शाम 7 बजे राजस्थानी भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो बनिया मोहल्ला, पुलिस स्टेशन चौक, गांधी चौक होते हुए वापस राजस्थानी भवन पहुंची। मार्ग में जगह-जगह विविध सामाजिक संगठनों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के वापस राजस्थानी भवन पहुंचने के बाद भगवान विष्णू के दशावतार का भव्य मंचन किया गया। रात्रि 9 बजे आरती के पश्चात महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी कार्यक्रमों की सफलता के लिए सकल ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष नरेंद्र वाजपेयी एवं समाज बंधुओं ने अथक प्रयास किया।

# शहीद शंकरदयाल मिश्रा पुण्यतिथि पर विद्यालय में भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***स्थानीय शहीद मिश्रा विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय में आज स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत शहीद शंकरदयाल मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***



विद्यालय का नाम उनके सम्मान में रखा गया है, जिससे यह दिवस विशेष रूप से गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं शहीद शंकरदयाल मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर शंकर शिक्षण संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद्र झरारिया ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर शिक्षण संस्था के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के पूर्व प्राचार्य संजीव कोलते ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और समर्पण के कारण ही आज हम स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम जैसे मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति तिरोडा के सभापति तेजराम चव्हाण उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहीद शंकरदयाल मिश्रा का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम का अद्वितीय उदाहरण है।

विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद तिरोडा के शिक्षण सभापति देवेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में शहीद मिश्रा के जीवन, संघर्ष एवं देश के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वे इस विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और अपनी सफलता का श्रेय इसी संस्था को देते हैं। कार्यक्रम में शंकर शिक्षण संस्था के सचिव उमाकांत हारोडे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के मुख्याध्यापक निकेश कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में शहीद मिश्रा के जीवन और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देशभक्ति, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर उप प्राचार्य सीमा भाजीपाले, पर्यवेक्षक टिकाराम पटले एवं पुरुषोत्तम बोकडे, शिक्षक तारेन्द्र रहांगडाले, दिलीप झरारिया, लोकेश चौरावार, एनसीसी अधिकारी महेश बोरकर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गौरव जायसवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन शैलेश मिश्रा ने किया।

## बिजली का करंट लगने से हुई मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/ 4/2026 के 8 बजे के दरम्यान चारगाव मे शामराम बुधराम कोरे उम्र 55 वर्ष निवासी ठाणटोली यह चारगाव रोड पर बिजली के खंबे पर काम कर रहा था।

काम करते समय 11 केव्हीए बिजली का करंट लगने से वह निचे गिरा उसे उठाकर तुरंत केटीएस अस्पताल ले गये जहा डाक्टर ने जांच कर मृत घोषीत करने से फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे मे रावणवाडी मे अकस्मात मौत क्रमांक 11/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा चौधरी 87 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145

जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा

तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्प्लेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास

2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## शोषित बेसहारा परिवारों के 08 वारिसों को पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने सौंपे नियुक्ति पत्र..

### चतुर्थ श्रेणी अंतर्गत चपरासी पद पर की पालकमंत्री ने शासन की ओर से की पात्र उम्मीदवारों की नियुक्ति..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 (संशोधित अधिनियम 2015) तथा नियम 1995 व संशोधित नियम 2016 के अंतर्गत, अत्याचार के कारण मृत्यु हुए व्यक्तियों के परिवार के एक पात्र सदस्य को***

शासकीय नौकरी देने का शासन का संकल्प है। इसी के तहत परिवारों को नौकरी के माध्यम से जीवन जीने की नई उम्मीद मिली है, ऐसा प्रतिपादन जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने आज नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में किया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग द्वारा नियोजन सभागार में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, समाज कल्याण समिति सभापति रजनीताई कुंभरे, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, जिला जाति प्रमाणपत्र जांच समिति के अध्यक्ष तथा अपर जिलाधिकारी (नि.श्रे.) प्रदीप कुलकर्णी, उपजिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) मानसी पाटील, आदिवासी विकास परियोजना अधिकारी उमेश काशिद, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी तानाजी लोखंडे, जिला नियोजन अधिकारी मुरलीनाथ वाडेकर, समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी किर्तीकुमार कटरे उपस्थित थे।

पालकमंत्री श्री नाईक ने आगे कहा कि अत्याचार के कारण परिवारों को जो क्षति सहन करनी पड़ती है, उसकी भरपाई संभव नहीं है, लेकिन शासन ने उनके घावों पर मरहम लगाने का कार्य अवश्य किया है। इसी के अंतर्गत परिवार के एक सदस्य को शासकीय विभाग में ग्रुप-डी पद पर नियुक्ति दी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता मिलेगी। उन्होंने यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि नियुक्त कर्मचारी अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ देश सेवा भी करेंगे। कार्यक्रम का प्रास्ताविक समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर ने किया, जबकि संचालन एवं आभार समाज कल्याण निरीक्षक स्वाती कापसे ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गोंदिया जिले में 8 पात्र वारिसों को ग्रुप-डी वर्ग के 'चपरासी' पद के नियुक्ति पत्र हर्ष छेदीलाल इमलाह, संगीता भीमराज कुंभरे, देलेंद्र टोलूराम बेलबंशी, दिनेश श्रीराम दरवडे, आर्यन कृष्णकुमार मेश्राम, रजनी मनोहर घमगाये, निकिता अर्पित उके तथा दिशा निशांत मेश्राम को पालकमंत्री इंद्रनील नाईक के हाथों वितरित किए गए।

## व्यस्त रेल्वे रुट के बावजूद पुराने रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज का नव निर्माण कार्य तीव्रगति से शुरु..

### रेल्वे के हिस्से को छोड़, सभी पिल्लर हुए पुरे, एप्रोच रोड का कार्य प्रगति पर, रेलवे हिस्से के स्टील गर्डर जल्द ही बनकर आएंगे नागपुर और इंदौर से.. विधायक विनोद अग्रवाल ने दी जानकारी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के दो हिस्सों को जोड़ने वाले पुराने रेलवे ओवर ब्रिज के जर्जर एवं धोखादायक स्थिति में होने पर इसे मई 2022 में यातायात हेतु पूर्णत: बंद कर दिया गया था। 553 मीटर के इसी स्थान पर नए रेल्वे ब्रिज के निर्माण हेतु 47 करोड़ 68 लाख रुपये मंजूर कर विधायक विनोद अग्रवाल ने अनेक बार रेल अधिकारियों और सार्वजनिक***

बांधकाम विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक लेकर इसके निर्माण कार्य की शुरुवात फरवरी 2024 में करवाकर तेजगति देने का प्रयास किया। आज स्थिति ऐसी है कि वर्तमान में पुराने रेल्वे ब्रिज की जगह निर्माणाधीन नया ब्रिज का निर्माण कार्य तीव्र गति से शुरू होकर इसके सभी पिल्लर (रेल्वे हिस्से को छोड़कर) पूर्ण हो चुके है। साथ ही रेलवे के हिस्से के पिल्लर हेतु भी खुदाई कार्य प्रारंभ हो चुका है जो सबसे जटील प्रक्रिया रही। इसके अलावा एप्रोच रोड का कार्य प्रारंभ है।

### बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य स्थिति पर जानकारी देते हुए विधायक विनोद अग्रवाल ने बताया कि, शहर के दो हिस्सों को जोड़ने वाला नेहरू चौक के समीप का नया रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य प्रगति पर है। मुंबई-हावड़ा रुट के साथ ही जबलपुर-चेन्नई रेल रुट अतिव्यस्त होने से इस ब्रिज के रेल्वे हिस्से में थोड़ी देरी निर्माण हो रही है। प्रतिदिन इस रूट पर 200 से अधिक यात्री ट्रेन एवं इतनी ही मालगाड़ियां गुजरती है। ऐसे में रेलवे ब्रिज के साथ ही मरारटोली, हड्डिटोली रेल्वे ब्रिज के निर्माण को लेकर योजना पर रेल विभाग कार्य कर रहा है। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, इस फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उड़ान पुल का निर्माण कार्य रेलवे विभाग के निरंतर संपर्क में रहकर किया जा रहा है। ये ब्रिज गोंदिया रेल्वे स्टेशन के नजदीक होने के कारण, रेलवे विभाग की बिजली केबल, टेलीफोन केबल, सिग्नल केबल और पानी की पाइपलाइन फ्लाईओवर पुल के पिलर निर्माण स्थल से होकर गुजरती हैं। इसलिए, रेलगाड़ियों की आवाजाही को रोके बिना इन सभी सुविधाओं को कहीं और स्थानांतरित करना बेहद जटिल और कठिन है। इसी कारण फ्लाईओवर पुल के निर्माण कार्य में थोड़ा समय लग रहा है। विधायक विनोद अग्रवाल ने आगे बताया कि हाल ही में 15 अप्रैल 2026 को उन्होंने पीडब्ल्यूडी और रेल उक्त दोनों विभागों से संपर्क कर एक संयुक्त बैठक ली थीं, जहां नागपुर रेलवे डिवीजन के मुख्य अधिकारी ने आश्वत किया कि उक्त फ्लाईओवर के कार्य को तेजगति प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि, वर्तमान में, उक्त पुल के रेलवे ट्रैक वाले हिस्से को छोड़कर, सभी पिलर और पिलर कैंप का निर्माण हो चुका है और अप्रोच रोड (आर आई वाल) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही, उक्त गैर-रेलवे हिस्से का गर्डर भी निर्माणाधीन है।

### नागपुर मे चल रहा गर्डर निर्माण का काम..

विधायक विनोद अग्रवाल ने यह भी बताया कि गोंदिया में काम करना संभव न होने के कारण, स्टील गर्डर निर्माण का काम नागपुर एमआईडीसी स्थित रॉयल इंजीनियरिंग में चल रहा है। उक्त स्टील गर्डर निर्माण का काम पूरा होते ही गर्डर लॉन्चिंग और स्लैब का काम शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही, इंदौर में रेलवे ट्रैक के हिस्से पर स्टील गर्डर (ओडब्ल्यूजी) का काम भी चल रहा है। गौरतलब है कि एक तरफ सौंदड स्थित राष्ट्रीय महामार्ग पर जहां सिंगल रेल रुट होने के बावजूद पुल का निर्माण कार्य पिछले 8 वर्षो से लटका पड़ा है वही तिरोडा स्थित काचेवानी रेलवे फ्लाईओवर और आमगांव के कीडंगीपार का रेल्वे ब्रिज मंजूर होकर कार्य लटका पड़ा है। इसके बावजूद गोंदिया के नेहरू चौक रेलवे ब्रिज के साथ तीनों ब्रिज का कार्य तेजगति पर होना विधायक विनोद अग्रवाल के सतत कार्यशैली को दर्शाता है। रेलवे हिस्से का कार्य जल्द गति से निर्माण हो इसके लेकर विधायक विनोद अग्रवाल मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से लगातार संपर्क में होकर कार्य को जल्दगति देने का प्रयास कर रहे है।

### म.प्र. छ.ग. सीमावर्ती जिले के मरीजों के कारण

## आयुष्मान भारत योजना में आ रही खामियां जल्द दूर की जाएंगी : पालकमंत्री नाईक



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिला राज्य की सीमा पर स्थित होने के कारण छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से मरीज इलाज के लिए यहां आते हैं। ये मरीज भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेते हैं, लेकिन इस योजना के अंतर्गत इन राज्यों को महाराष्ट्र में हो रहे इलाज के लिए मिलने वाली राशि में देरी हो***

रही है। इन कमियों को जल्द ही दूर किया जाएगा। इसके लिए दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर इस मुद्दे का समाधान निकाला जाएगा, ऐसा जिल्हे के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने कहा। वे नियोजन भवन में आयोजित प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की निगरानी समिति की बैठक में बोल रहे थे।

इस बैठक में विधायक राजकुमार बडोले, विनोद अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार, उपजिल्हाधिकारी (सामान्य) मानसी पाटील, निवासी वैद्यकीय अधिकारी डॉ. बी.डी. जायसवाल, डॉ. जयंती पटले और डॉ. रोशन कानतोडे उपस्थित थे। पालकमंत्री नाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना महाराष्ट्र के आम लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजनाएं हैं। वर्तमान में इन दोनों योजनाओं को एक साथ चलाया जा रहा है, जिसे अब आयुष्मान भारत योजना कहा जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गंभीर बीमारियों के लिए मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना है। श्री नाईक ने कहा कि इस संयुक्त योजना के अंतर्गत जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिलता है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद दवाइयों, जांच और सर्जरी का खर्च भी इसी योजना के तहत उठाया जाता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने यह मुद्दा उठाया कि गरीब लोगों को इस योजना का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। साथ ही, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नागरिक गोंदिया में इलाज के लिए आते हैं, जिन्हें समय पर सुविधा दी जाती है, लेकिन संबंधित राज्यों से फंड आने में काफी देरी होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और राज्य के मुख्यमंत्री के सहयोग से जल्द समाधान निकाला जाए। श्री नाईक ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनाने में गोंदिया जिला राज्य में तीसरे स्थान पर है।

### एचपीवी वैक्सिनेशन की कि अपील..

पालकमंत्री श्री नाईक ने कहा कि वर्तमान में देश में महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए 14 से 15 वर्ष की लड़कियों को 'एचपीवी' वैक्सीन सरकार द्वारा मुफ्त दी जा रही है। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और अपनी बेटियों का नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टीकाकरण जरूर करवाएं।

## गोंदिया पहुंचने पर पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने

## पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन की उपस्थिति में की कार्यकर्ताओं से भेंट..

### अनेक समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन



जगप्रेरणा गोंदिया।

***आज 20 अप्रैल को अपना संक्षिप्त दौरा कार्यक्रम तय कर जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक गोंदिया पहुंचे, और यहां स्थानीय रेस्ट हाऊस में पालकमंत्री श्री नाईक ने***

पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन की प्रमुख उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट की, तथा इस दौरान अनेक समस्याओं व उनके समाधान से संबंधी कार्यकर्ताओं के आवेदन स्वीकार करते हुए शीघ्र अतिशीघ्र समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। गौरतलब है कि पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन से भी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, तथा गोंदिया जिले के आवश्यक विकास को लेकर प्राथमिकता से चर्चा की, एवं इस संदर्भ में भी सकारात्मक आश्वासन प्रदान करते हुए सांसद प्रफुल पटेल के मार्गदर्शन में गोंदिया जिले के विकास को तीव्रता प्रदान करने की प्रतिबद्धता भी जताई।

पालकमंत्री श्री नाईक के साथ बैठक में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष प्रेमकुमार रहांगडाले, नरेश माहेश्वरी, सुरेश हर्षे, सौ. राजलक्ष्मी तुरकर यांच्यासह के साथ ही जिले के अनेक वरिष्ठ मान्यवर पदाधिकारी, सभी सेल के जिलाध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिती सदस्य, नगर परिषद सदस्य एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर



बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण

उपलब्ध सुविधाऐं..

- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोस की जांच
- हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन


डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ

डॉ. सौ. प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ

AH एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

## 22 अप्रैल को बापट लॉन मे सजेगी प्रसिद्ध संगीतकार डॉ. आशीष मुजुमदार की 'ग़ज़ल आख्यान' की महफिल.. गीत, संगीत, गजल प्रेमियों से भव्य उपस्थिति की अपील..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** साहित्य और संगीत के प्रेमियों के लिए गोंदिया में एक विशेष शाम का आयोजन होने जा रहा है। विदर्भ साहित्य संघ (शाखा गोंदिया) और पाठक फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में स्व. मधुकर पाठक की स्मृति में 'ग़ज़ल आख्यान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम बुधवार, 22 अप्रैल को शाम 6:30 बजे से कन्हारटोली स्थित 'पद्मानारायण बापट लॉन' में संपन्न होगा। इस महफिल के मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध संगीतकार डॉ. आशीष मुजुमदार होंगे, जो ग़ज़ल के सफर, उसके शब्दों की गहराई और गायकी के विभिन्न पहलुओं को श्रोताओं के सामने जीवंत करेंगे। डॉ. मुजुमदार ग़ज़ल के समृद्ध इतिहास और उसकी बारीकियों पर प्रकाश डालेंगे। आयोजन के लिए प्रति व्यक्ति 100/- रुपये का सहयोग शुल्क रखा गया है। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थित रसिकों के लिए सुरुचिपूर्ण स्नेहभोज की व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने सूचित किया है कि कार्यक्रम ठीक शाम 6:30 बजे शुरू हो जाएगा, इसलिए सभी कला प्रेमी समय पर पहुंचकर अपना स्थान ग्रहण करें। विदर्भ साहित्य संघ और पाठक फार्मेसी परिवार ने शहर के सभी ग़ज़ल प्रेमियों से इस अनूठे सांस्कृतिक आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com